Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -23 बुधवार,23 नवम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

सबसे महान वह है जो दृढ़तम निश्चय के साथ सत्य का अनुसरण करता है।

- सनेका-

# बस को भी उड़ा सकता था कुकर बम



**बेंगलुरु,22 नवंबर2022(ए )।** मंगलुरु में ऑटो रिक्शा में विस्फोट के लिए इस्तेमाल किया गया प्रेशर कुकर बम बस को भी उड़ा सकता था। मंगलवार को जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को दो लोगों को पकड़ा था। सूत्रों के मुताबिक, प्रेशर कुकर में अत्यधिक शक्तिशाली जेल भरा हुआ था। इससे एक डेटोनेटर और प्लस व माइनस तारों को जोड़ने वाली यूनिट भी जुड़ी थी।

जांच के दौरान पता चला कि तारों को जोड़ने वाली यूनिट के बंद होने से डेटोनेटर फेल हो गया। इससे जेल ने आग पकड़ ली और कम तीव्रता के विस्फोट के बाद ऑटो से घना धुआं निकलने लगा।

फारेंसिक विशेषज्ञों की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यदि कुकर बम अपनी पूरी क्षमता से फटता तो ऑटो सड़क पर मौजूद अन्य वाहनों को नुकसान पहुंचाते हुए कबाड़ में बदल जाता है। इससे जान-माल का भी नुकसान होता।

### एनआइए ने की जांच शुरू

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि एनआइए ने इस विस्फोट से राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय आतंकी समूहों के कनेक्शन की जांच शुरू कर दी है। इसमें कोई शक नहीं है कि हमें निशाना बनाया जा रहा है। हम इसको गंभीरता से ले रहे हैं। कर्नाटक पुलिस अब तक स्लीपर सेल से जुड़े 18 लोगों को पकड़ चुकी है और संदिग्ध आतंकियों को तिहाड़ जेल भेजा जा चुका है। इसके बावजूद आतंकी नियंत्रण की कोशिश कर रहे हैं। आतंक फैलाने वाले पड़ोसी राज्यों के सहयोग से ऐसी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। उन्होंने कहा कि मंगलुरु विस्फोट मामले में पकड़े गए संदिग्ध आतंकी का मूल नाम, उसके कनेक्शन और पहचान 24 घंटे के भीतर कर ली गई है।

### ऑटो चालक की सेहत में सुधार

मंगलुरु के पुलिस आयुक्त एन. शशिकुमार ने बताया कि ऑटो चालक पुरुषोत्तम पुजारी की सेहत में सुधार है।पुलिस आयुक्त ने मंगलवार को कांकानाडी अस्पताल में इलाज करा रहे संदिग्ध आतंकी मोहम्मद शरीक से भी मुलाकात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस सीसीटीवी फुटेज में दो व्यक्ति घूमते हुए पाए गए हैं, वह मामले से जुड़ा नहीं है। फुटेज में दिख रहे दोनों व्यक्ति आम यात्री हैं। शशिकुमार ने लोगों को सलाह दी है कि वह असत्यापित सूचना को इंटरनेट मीडिया पर साझा करने से बचें।

## संक्षिप्त खबरें

### असम-मेघालय सीमा के पास पुलिस फायरिंग में 6 लोगों की मौत



**गुवाहाटी ,22 नवंबर2022(ए )।** मेघालय सीमा के पास असम के पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में स्थित एक गांव में झड़प के बाद मंगलवार को पुलिस की गोलीबारी में एक वन रक्षक सहित कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। इस घटना में कई अन्य ग्रामीणों की भी घायल होने की खबर है।

### आईएएस अधिकारी पर 5 लाख रुपये का जुर्माना



**प्रयागराज ,22 नवंबर2022(ए )।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गोरखपुर के पूर्व जिला मजिस्ट्रेट के. विजेंद्र पांडियन पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कैलाश जायसवाल द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सुनीत कुमार और सैयद वाइज मियां की खंडपीठ ने गोरखपुर जिला प्रशासन द्वारा 2019 में जारी नोटिस को रद्द कर दिया, जिसके तहत याचिकाकर्ता के खिलाफ गुंडा अधिनियम लागू किया गया था।

इसके अलावा अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को 2008 बैच के आईएएस अधिकारी पांडियन के खिलाफ जांच शुरू करने का निर्देश दिया।

### भाजपा ने 11 बागी प्रत्याशियों को किया निलंबित



**नई दिल्ली ,22 नवंबर2022(ए )।** देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हो रहे नगर निगम चुनाव के लिए सरगर्मी शुरू हो गई। इस दौरान प्रत्याशियों को टिकट मिलने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। भाजपा ने दिल्ली नगर निगम के चुनाव के लिए अधिकृत उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इस दौरान टिकट नहीं मिलने के कारण कई भाजपा नेता पार्टी के प्रति नाराजगी जाहिर कर बागी हो गए हैं और अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

भाजपा ने अधिकृत प्रत्याशियों विरुद्ध चुनाव लड़ रहे 11 बागियों को छह साल के लिए निलंबित कर दिया। प्रदेश भाजपा महासचिव हर्ष मल्होत्रा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ एमसीडी चुनाव लड़ रहे 11 भाजपा कार्यकर्ताओं की प्राथमिक सदस्यता निलंबित कर दी गयी है। यहां 250 सदस्यीय निगम के लिए चार नवंबर को चुनाव होंगे।

## युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए

# 'मिशन मोड' में काम कर रही है सरकार



**नई दिल्ली ,22 नवंबर2022(ए )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रोजगार मेले के तहत युवाओं को बड़ा तोहफा दिया है। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये 71,000 नवनियुक्त कैंडिडेट्स को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर पीएम मोदी ने इन कैंडिडेट्स को संबोधित भी किया।

पीएम मोदी ने कहा कि हम नागरिकों ने भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को प्राप्त करने के लिए आप देश के 'सारथी' बनने जा रहे हैं। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये विशाल रोजगार मेला दिखाता है कि सरकार किस तरह गवर्मेंट जॉब देने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है।

रोजगार मेले में पीएम मोदी ने कहा कि देश की बाकी जनता के सामने आप सभी जो इस नई जिम्मेदारी को उठाने जा रहे हैं, उन्हें एक तरह से केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया जा रहा है। साथ ही कहा कि महामारी और युद्ध के बीच दुनियाभर के युवाओं के सामने नए अवसरों का संकट है। विकसित देशों में भी विशेषज्ञों को एक बड़े संकट की आशंका है।

ऐसे समय में अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ कहते हैं कि भारत के पास आर्थिक क्षमता प्रदर्शित करने और नए अवसरों को बढ़ावा देने का सुनहरा अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्ट-अप्स से लेकर स्वरोजगार तक, स्पेस से लेकर ड्रोन तक आज भारत में युवाओं के लिए चौतरफा नए अवसरों का निर्माण हो रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज 'कर्मयोगी भारत' टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म को लॉन्च किया गया है। इसमें कई तरह के ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध हैं। इन ऑनलाइन कोर्सेस का छात्रों को जरूरी फायदा मिलेगा। इससे आपकी स्किल भी अपग्रेड होगी और भविष्य में आपको अपने करियर में भी काफी लाभ होगा।



### मुंबई पुलिस को मिली प्रधानमंत्री मोदी को जान से मारने की धमकी

**मुंबई ,22 नवंबर2022(ए )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी जुटे हैं। गुजरात को पीएम मोदी का गढ़ भी कहा जाता है इसलिए गुजरात विधानसभा का चुनाव भाजपा के लिए प्रतिष्ठापूर्ण हो गई है और भाजपा हरहाल में यह चुनाव जीतना चाहती है। गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर जहां भाजपा जोर-शोर से प्रचार में जुटी है वहीं पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी मिली है।

दरअसल, मुंबई पुलिस के ट्रैफिक विभाग को एक आडियो मैसेज भेजा गया है जिसमें कहा गया है कि पीएम मोदी को मारने के लिए दाऊद इब्राहिम की डी कंपनी के दो गुर्गों को काम सौंपा गया है। पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी मिलने की इस खबर के बाद मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम सतर्क हो गई है। बता दें कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस के वॉट्सएप नंबर पर यह ऑडियो मैसेज आया है। जांच के अनुसार, यह ऑडियो मैसेज किसी अनजान शख्स द्वारा भेजा गया है। धमकी का ऑडियो संदेश भेजने वाले ने दाऊद इब्राहिम के दो गुर्गों के नाम भी बताए हैं। इनके नाम मुस्तफा अहमद और नवाज हैं हालांकि ऑडियो मैसेज भेजने वाले ने अपना नाम नहीं बताया है। वहीं अब मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच मैसेज भेजने वाले का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इस मामले में एक हीरा व्यापारी से पूछताछ की गई है।

### गुजरात चुनाव के दूसरे चरण के लिए भाजपा का आक्रामक चुनाव प्रचार हुआ प्रारंभ

**नई दिल्ली,22 नवंबर2022(ए )।** गुजरात में विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 5 दिसंबर को राज्य की जिन 93 विधान सभा सीटों पर मतदान होना है, उन सीटों पर भाजपा मंगलवार से आक्रामक चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने जा रही है। मंगलवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दूसरे चरण की 93 विधान सभा सीटों में से चार विधान सभा सीटों पर रैली को संबोधित करेंगे। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मंगलवार को राज्य में चार विधान सभा क्षेत्रों में ही रैली करने जा रहे हैं।





इन दोनों दिग्गज नेताओं के अलावा भाजपा शासित राज्यों- असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी तीन अलग-अलग विधानसभाओं में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करते नजर आएंगे।

दरअसल, पार्टी ने दूसरे चरण पर मतदान वाली 93 सीटों को लेकर भी आक्रामक चुनाव प्रचार की रूपरेखा बनाई है। इन सभी 93 विधान सभा सीटों पर भाजपा के 93 नेता अगले तीन दिनों तक पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करेंगे, रैलियों को संबोधित करेंगे और साथ ही राज्य में तीन दिनों तक प्रवास कर चुनावी माहौल का जायजा भी लेंगे।

इन दिग्गज नेताओं में मोदी सरकार के मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री के साथ-साथ उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों के मंत्री और सांसद भी शामिल है।

आपको बता दें कि राज्य की 182 विधान सभा सीट पर दो चरणों में 1 दिसंबर और 5 दिसंबर को मतदान होना है। राज्य में 1 दिसंबर को 89 और 5 दिसंबर को 93 विधान सभा सीटों पर मतदान होना है। भाजपा ने इससे पहले प्रथम चरण की 89 विधान सभा सीटों पर भी इसी तरह का आक्रामक प्रचार अभियान चलाया था।

### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने लगाए "हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ"के नारे



**रांची,22 नवंबर2022(ए )।** भाजपा की झारखंड इकाई ने राज्य में हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ रांची से अपनी राज्यव्यापी 'आक्रोश' रैली की शुरुआत की।

सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शहर के मोराबाड़ी मैदान में एकत्र हुए और बाद में उन्होंने "हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ" के नारे लगाते हुए जिला कलेक्ट्रेट की ओर मार्च किया।

आंदोलन का नेतृत्व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने किया। उनके साथ रांची से संसद सदस्य संजय सेठ, विधायक सी.पी. सिंह, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, हटिया से विधायक नवीन जायसवाल और रांची के उप महापौर संजीव विजयवर्गीय भी थे।

पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रकाश ने आरोप लगाया, "सोरेन के शासन में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। बालू, पत्थर, कोयला और लोहे सहित खदानों और खनिजों की लूट हो रही है।"

## सेना में महिलाओं के साथ भेदभाव हुआ तो पुरुषों का भी रुकना चाहिए प्रमोशन:सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली,22 नवंबर2022(ए )।** महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं और देश के विकास में महिलाओं का बड़ा योगदान है। अब सैनिक बन कर देश की सेवा कर रहीं लेकिन महिलाओं पर भेदभाव कर उनके मनोबल और देश सेवा के प्रति उनके उत्शाह को कम करने का काम किया जा रहा है। सेना में महिला और पुरुष के बीच हो रहे भेदभाव पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दरअसल सेना की उन 34 महिला अधिकारियों ने प्रमोशन में देरी का आरोप लगाया है, जिन्हें 2020 में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर स्थायी कमीशन दिया गया था। महिला अधिकारियों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से इस पर एक हफ्ते में जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस धनंजय वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस हिमा कोहली की बेंच ने कहा कि इन सभी महिलाओं को वरिष्ठता दी जाए। 34 महिला अधिकारियों ने आरोप लगाया कि विशेष चयन बोर्ड भेदभाव कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि उन पुरुष अधिकारियों के नाम भी प्रमोशन के लिए बढ़ाए गए, जो उनसे बहुत जूनियर हैं। कोर्ट ने सेना की ओर से पेश हुए सीनियर वकील आर बालासुब्रमण्यन से पूछा कि आप पुरुष अधिकारियों के लिए चयन बोर्ड का गठन कर रहे हैं, जबकि महिलाओं के लिए नहीं। आखिर ऐसा क्यों किया जा रहा है?

## गया पुलिस ने 82 होटलों पर विदेशी पर्यटकों के ठहरने पर लगाई रोक

**पटना,22 नवंबर2022(ए)।** एसएसपी कार्यालय की विदेशी शाखा से मंजूरी नहीं मिलने पर गया पुलिस ने बोधगया के 82 होटलों पर विदेशी यात्रियों के ठहरने पर रोक लगा दी है। होटलों में रहने वाले विदेशियों को अपना वीजा, पासपोर्ट जमा करना होगा और गया जिले में आने का उद्देश्य बताना होगा। होटल संचालकों को इसे एसएसपी कार्यालय में जमा करना होता है। पिछले कुछ समय से 82 होटल आवश्यक जानकारी प्रदान नहीं कर रहे थे।



आगे चलकर बोधगया में सिर्फ 68 होटलों में विदेशी मेहमानों को ठहराने की इजाजत होगी। एसपी अशोक प्रसाद ने कहा, होटलों की इस तरह की हरकत से सुरक्षा का खतरा हो सकता है। इसलिए हमने 82 होटलों में विदेशियों के ठहरने पर रोक लगाने का फैसला लिया है।

गया पुलिस का निर्णय दिसंबर के अंतिम सप्ताह में शुरू होने वाले काल चक्र पूजा के मद्देनजर महत्व रखता है, जिसमें तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, इस अवसर पर दुनिया भर से बौद्ध समुदाय के 75,000 से अधिक लोगों के यहां आने की उम्मीद है।

बोध गया दुनिया में बौद्ध लोगों के लिए सबसे बड़ा आध्यात्मिक स्थल है। बोधि मंदिर में मत्था टेकने और काल चक्र पूजा में भाग लेने के लिए हर साल चीन, जापान और दक्षिण पूर्व एशिया के देशों से बड़ी संख्या में पर्यटक बोधगया आते हैं। इस वर्ष, काल चक्र पूजा 29 दिसंबर के लिए निर्धारित है।



### एसयूवी पलटने से पांच की मौत,6 लोग घायल

**लखीमपुर खीरी ,22 नवंबर-2022(ए )।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में भीरा-पल्लिया मार्ग पर मंगलवार सुबह एक एसयूवी के खाई में पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, 12 लोगों को लेकर एसयूवी शाहजहांपुर से पलिया जा रही थी, तभी यह दुर्घटना पल्लिया शहर के पास हुई। पल्लिया कोतवाली निरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि सड़क पर गड्ढा होने के कारण वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया।

मृतकों में दो शिक्षक शामिल हैं, जिनकी पहचान रामपुर जिले के उमेश गंगवार और हिम्मतनगर स्कूल में तैनात हरनाम सिंह के रूप में हुई है।पुलिस ने कहा कि दो अन्य की पहचान राज किशोर और विनय के रूप में हुई है, जबकि पांचवें मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को घायलों का उचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## पहली बार भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगी प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली ,22 नवंबर2022(ए )।** देश में बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी को कम करने में केंद्र सरकार विफल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार के जन विरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा निकली है, जो देश भर के कई राज्यों से गुजर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में पहली बार कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल होंगी। इससे पहले सोनिया गांधी भी भारत जोड़ो यात्रा का हिस्सा बन चुकी है। वहीं कई सेलिब्रिटीने भी राहुल गांधी का इस यात्रा में साथ दिया।

**नाली साफ करना आपकी सोच से कहीं ज्यादा आसान है**

बता दें कि इस समय राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा गुजरात में है। अब प्रियंका गांधी वाड्रा उनकी यात्रा में पहली बार शामिल होंगी। भारत जोड़ो यात्रा कल दो दिनों के ब्रेक के बाद फिर से शुरू हो रही है, अभी यह यात्रा



महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश में प्रवेश कर रही है। प्रियंका 4 दिनों तक यात्रा का हिस्सा बनीं रहेंगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार सुबह ट्वीट कर यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के लिए आज भी विश्राम का दिन है। कल यात्रा बुरहानपुर के पास मध्यप्रदेश में प्रवेश करेगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वहां 4 दिनों के लिए यात्रा में शामिल होंगी।

## संपादकीय

# दलबदल का आधा अधूरा कानून न बने

केंद्र सरकार दलबदल का नया कानून लाने जा रही है। अस्सी के दशक में तब की राजीव गांधी सरकार ने जो दलबदल कानून बनाया था उसमें कई बार संशोधन हो चुका है। पिछले कुछ बरसों में नेताओं के पार्टी छोड़ने की जैसी प्रवृत्ति देखने को मिली है और जिस तरह के घटनाक्रम देखने को मिले हैं उनसे लग रहा है कि नया कानून समय की जरूरत है। लेकिन इस बार कानून आधा अधूरा नहीं बनना चाहिए। उससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि सिर्फ व्यावहारिक राजनीतिक पहलू को ध्यान में रख कर कानून नहीं बनाना चाहिए, बल्कि राजनीति की शुचिता का भी ध्यान रखते हुए कानून बनना चाहिए। बताया जा रहा है कि नया दलबदल कानून सिर्फ विधायकों, सांसदों यानी चुने हुए प्रतिनिधियों पर ही लागू नहीं होगा, बल्कि पंजीकृत पार्टियों के पदाधिकारियों पर भी नया कानून लागू होगा। इसका मतलब है कि किसी रजिस्टर्ड पार्टी का पदाधिकारी भी दलबदल करता है तो उसे दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि नए कानून के तहत चुनाव से छह महीने पहले दलबदल करने वाले पदाधिकारी को भी किसी दूसरी पार्टी की टिकट से चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है। वह चाहे तो निर्दलीय चुनाव लड़ सकता है।

कानून का यह प्रावधान चुने हुए प्रतिनिधियों को भी चुनाव लड़ने से रोकेगा। यानी अगर चुनाव से छह महीने पहले कोई सांसद या विधायक अपनी पार्टी छोड़ कर दूसरी पार्टी में जाता है तो वह उस पार्टी से चुनाव नहीं लड़ पाएगा। उसे निर्दलीय लड़ना होगा। ध्यान रहे सबसे ज्यादा संख्या में दलबदल चुनाव से पहले होता है। एक पार्टी से चुने हुए प्रतिनिधि जब अपना कार्यकाल पूरा कर लेते हैं तो चुनावी हवा को बूझते हुए ऐन चुनाव से समय पार्टी बदल लेते हैं। दूसरी पार्टी भी उन्हें खुशी खुशी टिकट दे देती है। जैसे इस बार गुजरात विधानसभा के लिए चुने गए आधा दर्जन से ज्यादा कांग्रेस के विधायक भाजपा की टिकट से लड़ रहे हैं।

अभी सूत्रों के हवाले से जो बातें सामने आ रही हैं उनसे लग रहा है कि सरकार ने कर्नाटक, मध्य प्रदेश या महाराष्ट्र में चुनी हुई सरकारों को गिरा कर नई सरकार बनाने के घटनाक्रम का ध्यान नहीं रखा गया है। इनका ध्यान रखते हुए यह प्रावधान किया जाना चाहिए कि चुने हुए प्रतिनिधि अगर पार्टी छोड़ते हैं और अपनी विधायकी या सांसदी से इस्तीफा देते हैं तब भी पांच साल तक उनके चुनाव लड़ने पर रोक रहेगी। चुनाव से छह महीने पहले इस्तीफा देने वालों के लिए जो नियम बनाया जा रहा है वह पूरे पांच साल के लिए रहे। यानी पांच साल में कभी भी कोई चुना हुआ प्रतिनिधि पार्टी छोड़ता है तो दूसरी किसी पार्टी से वह चुनाव नहीं लड़ पाए। इसी तरह गठबंधन बदल को लेकर भी कानून में प्रावधान किया जाना चाहिए। एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले गठबंधन की पार्टियां चुनाव के बाद एक निश्चित समय तक गठबंधन तोड़ कर दूसरे गठबंधन के साथ न जा सकें, इसका भी नियम बनना चाहिए।

# नकली ब्रांड:जालसाजी में फँसे हुए ग्राहक



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर
उत्तर प्रदेश

रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली उपयोगी सामानों की संख्या की कमी नहीं है, हर सामान की आवश्यकता समय-समय पर होती है और डिब्बे पर लगे हुए सुंदर-सुंदर ब्रांड देखकर लोगों के मन में उसे लेने की इच्छा होती है, भले ही वह सामान कैसा हो इसकी जानकारी भी उन्हें नहीं होती है। चाय पत्ती, नहाने का साबुन, खाने का तेल, सौंदर्य प्रसाधन, शैंपू पाउच या बोतल डिटर्जेंट पाउडर के पाउच अथवा पैकेट या टिकिया, मिर्च मसाले नमकीन ना जाने कितने प्रकार के समान मशहूर ब्रांड का नाम देख कर लाए हो, पर वास्तव में वह मूल कंपनी के ना होकर किसी जालसाज कंपनी के भी हो सकते हैं। घरेलू सामानों को तो आम ग्राहक इतना महत्व नहीं देता है पर बिजली के कई सामान ऐसे होते हैं जिस पर आईएसआई की मुहर छपी होती है, वह भी नकली हो सकता है। यह जानकर हैरानी होगी आजकल जो लोग अच्छा खा पी रहे हैं उन्हें भी नकली असली की पहचान नहीं होती है और वह गलत सामानों को खरीदने के लिए एक दूसरे को प्रेरित करते रहते हैं खास तौर पर दुकानदार खुद उन सामानों को ग्राहक के सामने पेश कर देता है जिसे देखकर ग्राहक के मन में उसे लेने की चाहत होती है, सीधा-साधा उपभोक्ता इसी में उलझ कर रह जाता है। जिस प्रकार के समान की ग्राहक मांग करता है वह ब्रांड पर वह सामान दूसरे तरह का होता है और उसके अंदर रखा हुआ सामान कितना शुद्ध है, यह दुकानदार ही जानता है क्योंकि उसे सस्ता और महंगा दोनों तरह का माल रखने की आदत होती है और जैसे ग्राहक होते हैं उनकी हैसियत देखकर वैसा ही समान उनके सामने प्रस्तुत करते हैं। गरीब और आम जनता इस जालसाजी के भंवर में फंसती चली जाती है, जो पढ़े-लिखे नहीं होते हैं वो जनता को बेवकूफ बनाने में दुकानदार माहिर होते हैं। मिलती-जुलती कंपनी का माल बेचकर उन मेहनत करने वाले मजदूरों को भी यह पैसा कम देते हैं। मिलते जुलते नाम नकली ब्राण्ड की कंपनियों का समान बहुतायत में मिलता है। देश भर में थोक व खुदरा विक्रेता यहां से खरीदारी करने आते हैं बिजली के कई सामान से लेकर लाइट, झालर सभी प्रकार के बिजली उपकरण ग्राहकों को डुप्लीकेट दिया जा रहा है।

आम जनता बेवकूफ बनने के बाद ब्रांड के नाम पर गलत समान कर ले आती हैं और जब उसे उपयोग करते हैं तो उन्हें पता चलता है कि वह लूट लिए गए हैं। जालसाजी कंपनियां सेल्समैन और सप्लायर के माध्यम से नकली समान गली मोहल्ले में फेरी लगवाकर बिकबाते है, घर-घर जाकर सेल्स गर्ल और महिलायें नकली सामान सस्ते में बेचकर चली जाती हैं। नकली को असली का टेग लगाकर इतनी खूबसूरती से मार्केट में लाया जाता है कि इसका सूक्ष्मता से फर्क करने पर भी समान असली है या नकली यह पता नहीं लग पाता है। कोई फर्क भी उसे समझ सके वह भी उनकी जालसाजी में आ जाते हैं। अधिक मुनाफे की खातिर दुकानदार अपना सामान ग्राहकों को बेच देता है मार्केट में कई प्रकार के ब्यूटी प्रोडक्ट भी आते हैं जब यह सारे सामान ब्यूटी पार्लर जाते हैं और कुछ सामान नकली होने के कारण उसका साइड इफेक्ट औरतों की स्किन पर हो जाता है इस पर किसे दोष दिया सकता है!

सस्ते सामान को नकली रैपर में लपेट कर उसकी पैकेजिंग की जाती है और मार्केट में रद्दी माल को ब्रांडेड कंपनियों के नाम से बेचने वाले लोगों का एक गैंग होता है और यही रात के अंधेरे में छुपकर नकली माल तैयार करते हैं और उन्हें ब्रांडेड रैपर मैं डाल कर लोगों को बेवकूफ बनाते हैं और यह ब्रांडेड रेफर इतनी सुरक्षात्मक तरीके से बनाए जाते हैं लोगों को यह लगे कि यह रेपर असली है। कई बार उपभोक्ता बिजनेस प्लान के उत्पाद को इस्तेमाल करने के बाद उसके रैपर को बिना नष्ट किए फेंक देते हैं और तेल के डिब्बे शीशियों को पैकेजिंग के लिए भेज देते हैं फलस्वरुप इनके जरिए नकली सामान बनाने वाले यह सब प्राप्त कर इनमें से अपना सामान भर कर पैक कर देते हैं और बाजार में भेज देते हैं। काफी दुकानदार घी या तेल को खुला बेचते हैं और खाली टीन के डिब्बों में बेच देते हैं इनमें भी समान पैक होकर बाजार आ जाता है। घी तेल के डिब्बे पर व्यापक तो मूल कंपनी का ही होता है लेकिन उत्पाद किसी दूसरी कंपनी का होता है। तेल के टीन के साथ तो और भी सुविधा है कि यह केवल सील वाली जगह से ही खोले जाते हैं लगता है वहीं से तेल भरकर सील लगा देते हैं।

आजकल ऑनलाइन जो भी सामान बेचे जाते हैं फेसबुक इत्यादि पर वो सभी अधिकतम नकली होते हैं। किसी ब्रांडेड कंपनी का नाम रखकर लोगों में भ्रामकता फैलाई जाती है मशहूर और बड़ी कंपनियों के अपने खर्चे बहुत होते हैं। कंपनियां अपने अधिकारियों को बड़ी रकम देते हैं विज्ञापनों और अन्य साधनों पर भी खुलकर यह कंपनियां खर्च करती है इनकी अपनी तकनीक अच्छी और महंगी होती है इसलिए उनका सामान महंगा पड़ता है। कुछ अपने नाम प्रचार के बलबूते पर अपना उत्पाद भेजते हैं और बिकता भी है जैसे उदाहरण के लिए यदि कोई चिप्स का पैकेट खरीदते हैं उस चिप्स की कीमत ₹2 के लगभग होती है लेकिन बाजार में आते आते वह ₹10 में बिकता है और इसके विपरीत जो छोटी कंपनियां है उनके फालतू खर्चे कम होते हैं और इनका विज्ञापनों पर भी कोई खर्च नहीं होता है, इसलिए इनके समान सस्ते पड़ते हैं परिणाम स्वरूप थोक और खुदरा विक्रेता यह सभी कमीशन पाते हैं। दुकानदारों को जालसाज कंपनियों का सामान बेचने पर यानी ब्रांडेड नाम से नकली सामान बेचने पर अच्छी बचत होती है इसलिए दुकानदार जानबूझकर नकली ब्रांड का सामान रखते हैं। कुछ थोक विक्रेताओं के पास अनजाने में सेल्समैन के द्वारा नकली ब्रांड आ जाते हैं सभी समान अपने मूल रुपए से डबल दामों में बेच दिया जाता है जिसका कमीशन कंपनी से लेकर दुकानदार पूर्णतः खाता है। घरेलू उद्योगों के सामान गुणवत्ता के हिसाब से नकली ब्रांडों के थोक मूल्य से भी अलग होते हैं निम्न क्वालिटी का मूल्य कम होता है उससे कुछ अच्छी क्वालिटी का थोक मूल्य कुछ अधिक। लेकिन नकली ब्रांड में सबसे अच्छी व महंगी क्वालिटी फिर भी असली ब्रांड का मुकाबला नहीं कर पाती है क्योंकि उसकी तकनीक बड़ी कंपनी जैसी नहीं होती वैसे भी सभी बड़ी कंपनियों में अपने उत्पाद प्रक्रिया व फार्मूले के रहस्य होते हैं जिन्हें कंपनियां छिपाए रखती है।

जालसाजी के भंवर से उपभोक्ताओं को सचेत होने की आवश्यकता है जो बड़ी कंपनियों के ब्रांड का नाम लगाकर समान बेचते हैं उन पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए यह देश की अर्थव्यवस्था को भी क्षति पहुंचाते हैं। उपभोक्ता हो या सरकार सबको सावधानी बरतने की सख्त जरूरत है। उपभोक्ता को भी चाहिए कि जानबूझकर नकली ब्रांड बेचने वाले दुकानदारों का बहिष्कार करें और ब्रांड की मूल कंपनी को इसकी जानकारी अवश्य भेजें ताकि वह कार्यवाही कर सके तथा इस्तेमाल किए गए ब्रांड का पैकिंग सामान नष्ट करके फेंक दे ताकि दूसरा कोई उसे इस्तेमाल नहीं कर पाए। नकली सामान की खरीदारी से ग्राहक बचने का प्रयास करें किसी के बहकावे में ना आए अपने अनुभव से सही सामान लेने का प्रयास करें। यदि कोई नकली ब्रांड का समान बेच रहा है तो उसकी शिकायत जरूर करें ।नकली सामानों का बहिष्कार करें लोग जागरूक बने, तभी देश का विकास हो सकता है।




# बाली में 'भारत विजय'

भारत इंडोनेशिया के बाली में अपनी विदेश नीति की बड़ी सफलता के साथ जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने जा रहा है, इसके तहत भारत 2023 में जी-20 शिखर वार्ता का आयोजन करेगा।

देश में इस तरह का महत्त्वपूर्ण और व्यापक कूटनीतिक का आयोजन दशकों बाद होगा। भारत की अध्यक्षता में जी-20 से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन देश के विभिन्न नगरों में पूरे वर्ष चलेगा। इसका समापन संभवत~ सितम्बर महीने में शिखर वार्ता के आयोजन के साथ ही पूरा होगा। बाली शिखर वार्ता में भारत की भूमिका को पूरी दुनिया में सराहा जा रहा है। शिखर वार्ता के बाद जारी संयुक्त घोषणापत्र में भारत की छाप स्पष्ट दिखाई देती है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कथन को केंद्रीय स्थान दिया गया है कि 'वर्तमान युग युद्ध का नहीं है।' अमेरिका सहित पश्चिमी देश और उनकी मीडिया इस बात का ढिंढोरा पीट रहे हैं कि जी-20 ने यूक्रेन पर आक्रमण करने की निंदा की। भारत के मीडिया में भी इस बात को दोहराया जा रहा है लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं। पश्चिमी देश सामान्य समझदारी का परिचय भी नहीं दे रहे हैं कि क्या रूस स्वयं अपनी निंदा करेगा? यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में तटस्थ रहने वाले भारत जैसे देश आखिर रूस की निंदा क्यों करेंगे? वास्तव में संयुक्त घोषणापत्र के वाक्य और शब्दावली बहुत चतुराई पूर्ण हैं। सामान्य अनुमान है कि इसे तैयार करने में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने कूटनीतिक अनुभव का प्रयोग किया है। घोषणापत्र में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित उस प्रस्ताव का हवाला दिया गया है, जिसमें यूक्रेन युद्ध के लिए रूस की निंदा की गई थी, साथ ही रूस से आग्रह किया गया था कि वह यूक्रेन का भूभाग खाली करे। लेकिन यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित नहीं हुआ था। भारत सहित अनेक देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया था। इसलिए यह कहना भ्रामक है कि जी-20 शिखर वार्ता में रूस की निंदा की गई।

वास्तव में घोषणापत्र की अगली पंक्तियों में कहा गया है कि 'अधिकतर देशों ने रूस की निंदा की।' हालांकि यूक्रेन के घटनाक्रम के संबंध में कई देशों की अपनी अलग राय थी। विदेश मंत्री जयशंकर को यह श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने एक ऐसे घोषणापत्र को तैयार करने में भूमिका निभाई जिस पर रूस को भी ऐतराज नहीं था। अपनी इस कूटनीतिक सफलता को भारत आने वाले दिनों में भी दोहरा सकता है। भारत पश्चिमी देशों और रूस के बीच पुल का काम कर सकता है।

जाड़े के मौसम के कारण यूक्रेन में युद्ध के मैदान पर गतिरोध की स्थिति है। अगले दो-तीन महीनों तक कोई भी पक्ष बड़ा सैन्य अभियान चलाने की स्थिति में नहीं है। इस समय का उपयोग वार्ता प्रक्रिया को शुरू करने के लिए किया जा सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की हठधर्मिता के कारण वार्ता प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है। जेलेंस्की हकीकत को नजरअंदाज कर रहे हैं तथा अपने देश के लिए तबाही का कारण बन रहे हैं।

-डॉ. दिलीप चौबे-

# साइबर ठगी रोकना बड़ी चुनौती

दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है। हर प्रकार का कार्य, डेटा एवं पैसे का आदान-प्रदान मोबाइल, कंप्यूटर एवं इंटरनेट के जरिए हो रहा है। इंटरनेट के प्रसार के साथ-साथ आए दिन ऑनलाइन ठगी, हैकिंग, वायरस अटैक, डेटा चोरी आदि की खबरें भी पढ़ने-सुनने को मिलती रहती हैं। ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले भावनात्मक तरीकों का इस्तेमाल कर लोगों से कार्ड, पिन आदि की जानकारी लेकर लोगों के खातों से पैसे निकाल लेते हैं। आरबीआई के अनेक जागरूकता कार्यक्रमों, आईपीसी की अनेक धाराओं एवं आईटी कानूनों के बाद भी साइबर ठग प्रति दिन ऐसे नये तरीकों का प्रयोग करते हैं कि शिक्षित व्यक्ति भी इन्हें समझने में चूक जाता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2021 में भारत ने साइबर अपराध के कुल 52,974 मामले दर्ज हुए हैं जिनमें से 60 प्रतिशत से अधिक मामले धोखाधड़ी, 8.6 प्रतिशत मामले यौन शोषण और 5.4 प्रतिशत मामले जबरन वसूली के हैं। 2020 में 50,035, 2019 में 44,735 और 2018 में 27,248 मामले दर्ज हुए थे। आंकड़े बोलते हैं कि पिछले 3 वर्षो में 47 प्रतिशत उपभोक्ता फ्रॉड, 45 प्रतिशत साइबर क्राइम और 34 प्रतिशत केवाईसी से संबंधित फ्रॉड हुए हैं। एक सर्वे के अनुसार कोविड के बाद 50 प्रतिशत से अधिक कंपनियां नये-नये तरीकों से वित्तीय फ्रॉड का शिकार हुई थीं। पुलिस, ई-वॉलेट कंपनियों, मोबाइल कंपनियों, बैंक, आईटी सेल आदि होने के बावजूद साइबर ठगी का शिकार व्यक्ति बैंक, कस्टमर केयर, साइबर क्राइम, पुलिस आदि के चक्कर ही लगाता रह जाता है। विचारणीय प्रश्न है कि साइबर ठगी को रोकने लिए क्या कानून पर्याप्त हैं? बैंकिंग व्यवस्था इसे रोकने में आखिर, असफल क्यों है? दूसरी ओर, सरकार कैशलैश व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट उपयोगकर्ता है। साइबर अपराध केवल तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि बैंकिंग फ्रॉड के 95 प्रतिशत केस जागरूकता के अभाव में स्वयं की गलतियों से ही होते हैं। ओटीपी, केवाईसी, ओएलएक्स आदि ऐसे अनेक तरीके हैं, जिनका प्रयोग हैकर्स द्वारा किया जाता है।

ऑनलाइन ठगी जैसे अपराधों से बचने के लिए जागरूकता एकमात्र उपाय है। मैसज को बिना पढ़े जल्दबाजी में आने वाले लिंक को खोलने एवं सत्यता की परख के बिना गूगल से नम्बर लेने से भी लोग साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। जरूरी है कि अपने मोबाइल का एक्सेस किसी को नहीं देना चाहिए। इससे आपके मोबाइल का कंट्रोल दूसरे के हाथ में आ जाता है। प्ले स्टोर में एप्लीकेशन डाउनलोड करते समय उसकी वैधता भी चैक करनी चाहिए। लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया जाना चाहिए कि साइबर ठगी से बचने के लिए क्या-क्या उपाय किए जा सकते हैं।

जैसे-मजबूत पार्सवड लगाना, पार्सवड को नियमित रूप से बदलते रहना, ऑनलाइन में अपनी पहचान को न बताना, पंजीकृत वेबसाइटों की पहचान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में सुरक्षा सॉफ्टवेयर लगाना, साइबर अपराधों को बढ़ावा देने वाली विभिन्न वेबसाइटों की पहचान आदि। सरकार के साथ-साथ वित्तीय संस्थाओं की भी जिम्मेदारी है कि लोगों को टैक्नोलॉजी उपयोग के प्रति अधिक जागरूक कर इंटरनेट की दुनिया को और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्य करें। इन स्थितियों में हैकर्स के लिए डेटा को हैक करना मुश्किल होगा। इसका समाधान भी तकनीक एवं प्रौद्योगिकी द्वारा ही निकालने की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए।

यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है, तो उसकी सुरक्षा के लिए मजबूत साइबर तंत्र भी विकसित किए जाने की आवश्यकता है। साइबर ठगी का शिकार व्यक्ति जैसे ही अपनी शिकायत बैंक, पुलिस, साइबर क्राइम की वेबसाइट या कस्टमर केयर पर करता है, तो उस पर तुरंत ही गंभीरता से कार्रवाई होनी चाहिए। साइबर टीम उस संबंधित बैंक के अकाउंट पर होल्ड लगा कर उस खाताधारक से पैसे की ही वसूली न करे, बल्कि उस पर कानूनी कार्रवाई भी करनी चाहिए। साइबर सुरक्षा को महत्त्वपूर्ण बनाने के लिए आवश्यक है कि बैंक, ई-वॉलेट कंपनियों, मोबाइल कंपनियों, पुलिस आदि की सामूहिक टीम का गठन होना चाहिए जो शिकायत पर सामूहिक रूप से कार्य करे। इन सभी विभागों के बीच तालमेल के लिए साइबर विशेषज्ञों की टीम के गठन की दिशा में कार्य होना चाहिए। पुलिस विभाग में साइबर अपराधों के लिए बनाए गए अलग सेल में आईटी क्षेत्र के प्रशिक्षित व्यक्तियों की नियुक्ति को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इस सेल के अधिकारों एवं दायित्वों में वृद्धि भी की जानी चाहिए। त्वरित कार्रवाई के लिए पीड़ित व्यक्ति की ऑनलाइन सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा होनी चाहिए। साइबर ठगी को रोकने की दिशा में सरकार ने प्रयास तो बहुत किए हैं, परंतु उनमें आपसी तालमेल न होने एवं गंभीरता से प्रयास न किए जाने की कीमत लोगों को चुकानी पड़ रही है।

-डॉ. सुरजीत सिंह गांधी-

# वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए मजबूत औद्योगिक नीति की जरूरत



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर,
हिसार
हरियाणा

देश का सन्तुलित विकास करने कि लिए संसाधनों को उचित दिशा में प्रवाहित करने कि लिए, उत्पादन बढ़ाने के लिए, वितरण की व्यवस्था सुधारने के लिए, एकाधिकार, संयोजन और अधिकार युक्त हितों को समाप्त करने अथवा नियन्त्रित करने के लिए कुछ गिने हुए व्यक्तियों के हाथ में धन अथवा आर्थिक सत्ता के केन्द्रीकरण को रोकने के लिए, असमताएँ घटाने के लिए, बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए, विदेशों पर निर्भरता समाप्त करने कि लिए तथा देश को सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत बनाने के लिए एक उपयुक्त एवं स्पष्ट औद्योगिक नीति की आवश्यकता होती है।

औद्योगिक नीति को आर्थिक परिवर्तन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य द्वारा रणनीतिक प्रयास के रूप में परिभाषित किया गया है, अर्थात क्षेत्रों के बीच या भीतर निम्न से उच्च उत्पादकता गतिविधियों में बदलाव। भारत का लक्ष्य 2025-26 तक अपने विनिर्माण सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) को लगभग 3 गुना बढ़ाकर 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाना है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए उच्च प्रौद्योगिकी आधारित बुनियादी ढाँचा और कुशल जनशक्ति महत्वपूर्ण हैं। उदा. अत्यधिक बोझिल रेल परिवहन।

भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए औद्योगिक नीति बहुत प्रकार से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यहाँ नियोजित अर्थव्यवस्था के माध्यम से औद्योगिक विकास हो रहा है। देश में प्रकृतिक साधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं लेकिन उनका उचित विदोहन नहीं हो रहा है। यहाँ प्रतिव्यक्ति आय कम होने के कारण पूँजी निर्माण की दर भी कम है तथा उपलब्ध पूँजी सीमित मात्रा में है। अत~ आवश्यक है कि उसका उचित प्रयोग किया जाए।

देश का सन्तुलित विकास करने कि लिए संसाधनों को उचित दिशा में प्रवाहित करने कि लिए, उत्पादन बढ़ाने के लिए, वितरण की व्यवस्था सुधारने के लिए, एकाधिकार, संयोजन और अधिकार युक्त हितों को समाप्त करने अथवा नियन्त्रित करने के लिए कुछ गिने हुए व्यक्तियों के हाथ में धन अथवा आर्थिक सत्ता के केन्द्रीकरण को रोकने के लिए, असमताएँ घटाने के लिए, बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए, विदेशों पर निर्भरता समाप्त करने कि लिए तथा देश को सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत बनाने के लिए एक उपयुक्त एवं स्पष्ट औद्योगिक नीति की आवश्यकता होती है।

वे क्षेत्र जहाँ व्यक्तिगत उद्यमी पहुँचने में समर्थ नहीं हैं, सार्वजनिक क्षेत्र में रखे जाएँ और सरकार उनका उत्तरदायित्व अपने ऊपर ले। साथ ही यह भी आवश्यक है कि निजी क्षेत्र का उचित नियन्त्रण भी होना चाहिए जिससे कि विकास योजनाएँ ठीक प्रकार से चलती रहे।

मध्यम और बड़े पैमाने के औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों की तुलना में एमएसएमई क्षेत्र अपेक्षाकृत कम अनुकूल रूप से ऋण उपलब्धता और कार्यशील पूंजी की ऋण लागत के मामले में स्थित है। भारत अभी भी परिवहन उपकरण, मशीनरी (इलेक्ट्रिकल और गैर-इलेक्ट्रिकल), रसायन और उर्वरक, प्लास्टिक सामग्री आदि के लिए विदेशी आयात पर निर्भर है। औद्योगिक स्थान लागत प्रभावी बिंदुओं के संदर्भ के बिना स्थापित किए गए थे और अक्सर राजनीति से प्रेरित होते हैं। निजी क्षेत्र के उदारीकरण के 30 साल बाद भी सरकार टैरिफ दीवारें खड़ी करते हुए फिर से सब्सिडी और लाइसेंस दे रही है।

लालफीताशाही और तनावपूर्ण श्रम-प्रबंधन संबंधों की विशेषता वाले अप्रभावी नीति कार्यान्वयन के कारण इनमें से अधिकांश सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम घाटे में चल रहे हैं। वर्तमान में पीएलआई के तहत चुने गए कई उद्योग अत्यधिक पूंजीगत और कौशल गहन हैं। हमारे भारी संख्या में अकुशल श्रमिकों के लिए रोजगार सृजन के लक्ष्य पर विचार किया जाना चाहिए और अनावश्यक सब्सिडी से बचना चाहिए। हमें गैर-निष्पादित फर्मों के साथ सख्त होना होगा। जरूरत पड़ने पर हम उनसे समर्थन वापस ले सकते हैं। इसके लिए अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है जो भारत में नौकरशाही की पारंपरिक संस्कृति से परे जाते हैं।

उत्पादकता में सुधार के लिए अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहित करने, विस्तार सेवाओं, व्यावसायिक प्रशिक्षण, विनियमों और बुनियादी ढांचे में सुधार की आवश्यकता है। छोटी और मध्यम आकार की फर्मों की सहायता के लिए इन नीतियों को स्थानीय विकेंद्रीकृत संदर्भों में अनुकूलित करने की आवश्यकता है। रोजगार सृजन के लिए।

# जीते जी मौत



कु. कविता चव्हाण,
जलगांव,
महाराष्ट्र

आज के जमाने में लोग जिन्दा इंसान को पूछते तक नहीं है की तू कैसा हे तू खुश है या नहीं तुझे कोई तकलीफ तो नहीं ना और कभी खुद से वह व्यक्ती बता भी दे तो समझाने लग जाते है अपने नियम उस पर लादते है ऐसा ही कर तेरे लिए यही अच्छा है ऐसा वैसा एक बार उस इंसान की जगह खुद को रखकर नहीं देखते के वो किस तकलीफ है उसे समझने की कोशिश नहीं करते चाहे वो उसके करीबी लोग ही क्यों न हो ज़ब वह व्यक्ति डिप्रेशन में चला जाता है तो उसी से यह उम्मीद करते है की वो हसीं ख़ुशी रहे उस पर क्या बीत रही रही होगी सिर्फ वही जानता है एकबार फुरसत निकाल कर उसकी इच्छा भी पूछी नहीं जाती उस पर अपने नियम लादे जाते है और ज़ब किसी दिन वो व्यक्ति किसी वजह से नहीं रहता मर जाता है तो उसके पास बैठकर झूठे आँसू बहाते है और बोलते है एकबार मुझसे बोल दिया होता कोई तकलीफ थी तुझे तो अरे बोला तो था उस बिचारे ने लेकिन तुम समझने की अवस्था में नहीं थे उसके तेरावे पर उसकी पसंद की चीजे मंगवाई जाती है उसे क्या पसंद था खाने में जीते जी तो पूछा नहीं कभी अब इच्छा पूरी करते हो अगर कोई व्यक्ति दुःखी है तो उसका दुःख जरूर बाँटे हर तरह से उसकी मदत करने की कोशिश करें इससे अच्छा पुण्य दूसरा कोई नहीं अगर आप किसके आँसु पोंछ नहीं सकते तो उसे रुलाये भी मत क्योकी दुखे हुए आत्मा से निकली हुई बदुआ कभी खाली नहीं जाती आज तुमने उसे रुलाया है कल तुम्हे भी रोना पड़ेगा यह याद रखना इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपनी मर्जी से जिंदगी जीने का अधिकार है तुम कोन उसकी जिंदगी का फैसला करनेवाले खुद को भगवान समझना छोड़ दो इंसान हो इंसान ही रहो भगवान बनने की कोशिश ना करो और तुम्हे कोई हक नहीं किसके नसीब में क्या होगा यह बताने का सबका नसीब उसने पहले से ही लिख दिया है जरुरी नहीं सबका नसीब एक जैसा हो नसीब में अच्छा भी लिखा होगा इसका बुरा हुआ तो तेरा भी होगा यह घटिया सोच के साथ जीना छोड़ दो अपने विचारो में बदलाव लाओ तुम्हारे जमाने की बात और थी आज के जमाने में विधवा औरत भी दूसरी शादी करती है अकेली जिंदगी नहीं कांटती आज भी कहीं लोग अपने वही पुराने ख़्यालात लेकर बैठे है उन लोगो की हां में हां मिलाने वाले आज के ज़माने के अच्छे खासे पढ़े लिखें लोग भी शामिल है क्या फायदा तुम्हारी इतनी पढ़ाई का जो किसी जिन्दा इंसान को पत्थर समझता हो कचरे में फेंक दो अपनी सारी डिग्रियां अरे तुमसे अच्छे तो वो लोग है जो पढना लिखना तो नहीं जानते लेकिन जिन्दा इंसान को जिन्दा तो समझते है तुम्हारी तरह मुर्दो के पास रोने का नाटक नहीं करते वो सिर्फ पैसो को महत्व देने इंसानियत को भुलाने चले मरने के बाद लोग यही पूछेंगे कितना पैसा छोड़ गया ये पर यह नहीं बोलेंगे कितना दुःख सहा जिंदगी में उस बिचारे ने पैसा ही सबकुछ नहीं होता सहारा भी बहुतत बड़ी चीज है अपने कठिन समय में अगर किसी अपने का सहारा मिल जाये तो वही इंसान अपनी जिंदगी उन्ही चंद लम्हो में जी लेता है किसी के दो मीठे बोल की हुई फ़िक्र न जाने कितने लाख करोड़ रुपयों से भी ज्यादा किमती होती है इसलिए किसी को दुःख मत देना सबको खुश रखने कि कोशिश करना

# भारत के संविधान निर्माता



सरिता लहरे माही
पत्थलगांव जशपुर
छत्तीसगढ़

संविधान ने जो मुझे दिया,
वो दूजा न कोई दे सका।
कलम हाथ की गरिमा बनी,
हर जंग को हमनें जीत लिया।
टेक लिया पाहन पर माथा,
वो इंसाफ मुझे ना दिला सका।
जब खोले मैने संविधान के पन्ने,
हर पन्ने में मेरा अधिकार मिला।
कुचली पड़ी मेरी शान को,
बाबा साहेब ने मान दिया।
मेरी काटी हुई जुबान को,
संविधान रूपी आवाज दिया।
तेरा गौरव और अभिमान,
भीमराव की देन सौगात है।
रुतबे की ये जिंदगी तेरी,
उनका दिया हुआ तुझे उधार है।
चिंगारी बनकर रौशन किया,
अंधकार में डूबा जीवन तुम्हारा।
शिक्षा के विश्व प्रतीक,
भारत के संविधान निर्माता।

# आया वक्त देखो ये कैसा



.मीनाक्षी सुकुमारन
नोएडा
उत्तरप्रदेश

रहा न मोल कोई प्रेम,भावना
या जज़्बातों का
बस एक भागम भाग है होड़ तोड़ की
मानो रिश्ते न हुए हो गया कोई सामान
कोई खेल रहा मन से कोई तन से
कोई जज़्बातों से कोई ज़मीर से
कोई छल रहा सामने से कोई पीछे से
बस बना हुआ है एक खेल
बिखेरने को विश्वास
यूँ रिश्तों के नाम पर हो रहा छल खुलकर
प्रेम था कभी समर्पण
अब हुआ निष्प्राण
प्रेम था कभी विश्वास
अब हुआ अविश्वास
प्रेम था कभी अनमोल
भावनाओं से सींचा हुआ
अब हुआ बस बेमोल छल
कोई खेल रहा तन से कोई मन से
कोई ले रहा जान ही
नाम के प्यार पे
हुआ खेल कैसा ये आम
आज नाम प्रेम के
न कोई जज़्बात न कोई भावना
बस छल छल और छल।।

# गाँवे-गवंई,हे मोर खेती-खारी



अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

गाँवे- गवंई, हे मोर खेती-खारी
हरियर हावय, मोर बखरी-बारी
सुग्घर माते हे फुलवा-फुलवारी
गोंदा-चन्दैनी के सोला-सिंगारी।
रिगबिग-रिगबिग सोनहा बाली
छटके हे धानी झूमरे मतवाली
परगट लागे हे दाई अन्नकुमारी
लक्ष्मी लागत हे मोला महतारी।
चहके चिरईयां रुख डारी-डारी
कुहके कोयलिया हे कारी-कारी
गुनगुन भवंरा घूमरय फुलवारी
कर्मा-ददरिया सुनावे सांगवारी।
लाली-गुलाली सेवंती छतनारी
कहर-महर गमके अंगना द्वारी
मोंगरा,चमेली नीक लागे प्यारी
चौरा म तुलसी,बिराजे हे न्यारी।
घर-घर अंगना चुक-चुक लागे
सुग्घर चउकी म चउक ह पूराए
छुही-गोबर म अंगना ह लिपाए
देव-देवाला कस मन ल भाए।

# नारी



देव प्रसाद पात्रे
मुंगेली
छत्तीसगढ़

अपना देश है अपनी धरती।
अपनी ही माटी में लुटती नारी।।
अत्याचार अहिंसा का शिकार।
अपने ही घर दम घुटती नारी।।
इतिहास के पन्ने हैं बतलाते,
सदियों से छली जाती रही है।
त्याग समर्पण विश्वास के बदले
अपनों से धोखा खाती रही है।।
दुश्मनों पर जो पड़ती भारी।
किन्तु कुचक्र से हारी है नारी।।
इश्क़ - मोहब्बत के नाम पर।
टुकड़ो में काटी जाती है नारी।।
जाग गई तो जग का कल्याण।
माता सावित्री बन प्रेरणा नारी।।
बदले की चिंगारी भड़क उठी तो,
वीरांगना फूलन बन इतिहास गढ़ती
नारी।।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# शिक्षण संस्था के आस-पास यातायात व्यवस्था बनाने पुलिस ने की कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से नियम विरूद्ध दो पहिया वाहन चलाने के खिलाफ सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। विशेषकर नाबालिग बच्चों द्वारा बाइक व स्कूट चलने पर सख्त हिदायत दिए गए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को सरगुजा पुलिस द्वारा शहर के व्यस्ततम सड़कों में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं स्कूली शिक्षण संस्था के आस-पास यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के उद्देश्य से त्वरित कार्रवाई की गई।

मनेंद्रगढ़ रोड स्थित शिक्षण संस्था के पास बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों एवं नाबालिगों द्वारा दोपहिया वाहन चलाने पर चालानी कार्रवाई की गई। संयुक्त पुलिस टीम द्वारा यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में स्कूल प्रबंधन से चर्चा की गई एवं नाबालिग बच्चों को स्कूल में दुपहिया वाहन ना लाने हेतु निर्देशित किया गया। संस्था प्रमुख को परिसर के बाहर एवं आसपास व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के सामने वाहन खड़ा ना करवाने हेतु निर्देश दिए गए, जिससे यातायात व्यवस्था बनी रहे एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कार्रवाई के दौरान मुख्य मार्ग में बेतरतीब ढंग से खड़े 43 दो पहिया वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत देवांगन, रक्षित निरीक्षक जयराम चरमाको, थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक कलीम खान, सहायक उपनिरीक्षक नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप, आरक्षक उमाशंकर साहू, अजय कुमार तिवारी एवं यातायात पुलिस की टीम शामिल रही।

# चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



सीतापुर पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना क्षेत्र निवासी अशोक सारथी की बाइक कुछ दिन पूर्व गुतुरमा बस स्टैंड से चोरी हो गई थी। वह इसकी रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी बीच सीतापुर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शिशिरकान्त सिंह को मुखबिर से जानकारी मिली की थाना क्षेत्र के ग्राम बेलगांव निवासी मनोज कास्ते अपने पास चोरी की बाइक छिपा कर रखा है। जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अपने साथी भानू अजगले के साथ मिलकर बस स्टैंड से बाइक चोरी की बात स्वीकार की। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



# जनता के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना पुलिस का प्रथम दायित्व'

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

आईजी राम गोपाल गर्ग ने पदभार ग्रहण करने के बाद रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों व राजपतित्रत अधिकारियों की समीक्षा बैठक पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर में ली। इस दौरान सबसे पहले अधिकारियों द्वारा परिचय प्राप्त कर जिले की भौगोलिक व वस्तुस्थिति के बारे में आईजी को अवगत कराया। समीक्षा बैठक के दौरान प्रत्येक जिलों के अनुविभाग, थाना, चौकी की जानकारी हासिल करते हुए जिलों में कानून व्यवस्था व नक्सल प्रभावित जिला बलरामपुर के नक्सली गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने कहा कि थाना, चौकियों में ग्रामीण अंचल से आए फरियादी, आवेदकों के समस्याओं पर प्राथमिकता देते हुए उनके मामलों का निराकरण करना व जनता के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना पुलिस के प्रथम दायित्व है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अपराधी प्रवृति व कानून व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न करने वाले लोगों को किसी भी हाल में बख्सा नहीं जाएगा। समीक्षा बैठक के दौरान आईजी ने कहा कि वर्तमान में अधिक लोग साइबर अपराधों के शिकार हो रहे हैं। जिसे रोकथाम हेतु उन्होंने सभी पुलिस अधीक्षक व राजपत्रित अधिकारियों को तकनीकी सक्रियता के साथ ऐसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करने हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साइबर अपराधों के रोकथाम करने हेतु सभी थाना क्षेत्रों में लोगों के प्रति जागरूक करने हेतु निर्देश दिए। वहीं उन्होंने कहा कि संभाग के पुलिसिंग में कसावट लाने की बात कही। गुम बालक, बालिकाओं, अपराध, मर्ग, चिटफंड जैसे प्रकरणों में टीम तैयार कर सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए।

# शहर के बीच से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग में पैच रिपेयरिंग का काम शीघ्र

## जल जमाव की स्थिति से निपटने के लिए सड़क किनारे नालियों और पुल का निर्माण किया जाएगा

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने नगर निगम के लोक निर्माण प्रभारी शफी अहमद, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने राष्ट्रीय राज मार्ग और नगर निगम के अधिकारियों के साथ दरिमा मोड़, देवीगंज और स्कूल रोड़ का निरीक्षण किया। दरिमा रोड़ से भारत माता चौक के बीच जल जमाव को रोकने के लिए पेट्रोल पंप के सामने बॉक्स पुलिया और बड़ी नाली बनाए जाने का निर्देश दिया। प्राकृतिक जल निकासी के रास्ते में हुए अतिक्रमण को हटाने, सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण, सड़क की ऊंचाई बढ़ाने और आवश्यकतानुसार पुल निर्माण के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। इस काम में नगर निगम निर्माण विभाग के अधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्ग के पदाधिकारियों के साथ एक सप्ताह के भीतर डीपीआर तैयार करेंगे। जल निकासी में आड़े आने वाले निजी भू स्वामियों से भी सहमति ली जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की पहल पर राष्ट्रीय राजमार्ग के उच्चाधिकारियों से इसके लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। एनएच की सड़कों के पेच रिपेयर हेतु राशि भी आवंटित कर दी गई है। शीघ्र पेच रिपेयर का काम शुरू कराया जाएगा। प्रारंभिक चरण में एनएच 343 पर दरिमा मोड़ से देवीगंज सदर रोड होते हुए रेलवे स्टेशन तक का पैच रिपेयर कराया जाएगा। इस दौरान ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष विनय शर्मा बंटी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता, महामंत्री सैय्यद अख्तर, प्रवक्ता आशीष वर्मा, युंका जिला अध्यक्ष विकल झा, उत्तम राजवाड़े, अविनाश कुमार, राकेश सोनी, ननि के ईई सन्तोष रवि, राज मार्ग के ईई तिवारी सहित ननि और राष्ट्रीय राजमार्ग का अमला मौजूद था।

### अतिक्रमण हटा कर खोजेंगे नहर

शहर के बीच से बारिश का पानी की निकासी के लिए बांकी जलाशय से नवागढ़ होते हुए बिलासपुर मार्ग तक नहर वाली माइनर नहर एक बड़ा माध्यम था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने इसकी जानकारी देते हुए नहर का उपयोग करते हुए जल निकासी की व्यवस्था करने की बात कही। उनके सुझाव पर नहर की स्थिति का जायजा लेने पहुंचा दल यह देख कर हतप्रभ रह गया। नहर का अस्तित्व ही नहीं बचा है। नाराज जनप्रतिनिधियों ने जल संसाधन और राजस्व विभाग के अधिकारियों को नहर का सीमांकन करा उसे कब्जा मुक्त कराने का निर्देश दिया।

# कांग्रेस के षडयंत्र को लेकर भाजयुमो द्वारा भूपेष बघेल का पुतला दहन



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता युवा मोर्चो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के आहवान पर भाजयुमो सरगुजा द्वारा मुख्यमंत्री भूपेष बघेल का पूतला दहन अम्बिकापुर के घड़ी चौक में किया गया। भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव के भारतीय जनता पाट्री के प्रत्याषी ब्रम्हानंद नेताम जी के ऊपर झूठा बेबुनियाद चारित्रिक आरोप लगाकर, प्रदेष में आदिवासी अस्मिता को मजाक बनाकर मुख्यमंत्री भूपेष बघेल ने क्रांगेस प्रदेष अध्यक्ष मोहन मरकाम को मोहरा बना कर एक बहुत ही गंदा मजाक किया है। जिसके विरोध में आज भारतीय जनता युवा मोर्चो के द्वारा पुतला दहन किया गया। जिला महामंत्री संजीव वर्मा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के चारित्रिक हनन के लिए इस प्रकार का गंभीर आरोप लगाना पूरे समाज के ऊपर प्रष्न चिन्ह खड़ा करता है जिसकी भारतीय जनता पाट्री के साथ युवा मोर्चो पर जोर विरोध करती है। जिला महामंत्री युवा मोर्चो सरगुजा अंषुल श्रीवास्तव ने कहा कि विधानसभा प्रत्याषी ब्रम्हानंद नेताम जी के ऊपर मुख्यमंत्री भूपेष बघेल के इषारे में गंदी राजनीति का परिचय देते हुए प्रदेष क्रांगेस कर मोहन मरकाम द्वारा चारित्रिक आरोप लगाना बहुत गंदा मजाक है व प्रेस कांफ्रेंस कर पिडिता का नाम उजागर करना नियम के विरूद्ध है सर्वप्रथम विधि समवयक मोहन मरकाम जी के ऊपर अपराध दर्ज कर कार्यवाही होनी चाहिए। पुतला दहन के दौरान प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविकातं उरांव, शानू कश्यप , वीर सोनी, नितिन गुप्ता, हर्ष जायसवाल, विनाल गुप्ता, अनुराग शुक्ला, गोलू यादव, अमोघ कश्यप, दिव्यांषु केशरी, श्रीधिर केषरी, अनिरूद्ध मिश्रा, दिग्विजय सिंह, युवा मोर्चो मण्डल अध्यक्ष निशांत सिंह, दीपक यादव, सुनिल यादव, रोहित कुशवाहा, मोटीं यादव सौरभ मिश्रा, मनीश दुबे, प्रिसं तिवारी रजनीश सिंह, राजेश जायसवाल आदि उपस्थित थें।

# बिजली बिल में अप्रत्याशित वृद्धि आम जनता से अवैध वसूली है:विश्व विजय

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।





भारतीय जनता युवा मोर्चा सरगुजा द्वारा बिजली बिल में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के विरोध में लुण्ड्रा मंडल के ग्राम सेमरडीह में विरोध सभा का आयोजन किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर की उपस्थिति में सैकड़ों ग्रामीणों के द्वारा प्रदेश कांग्रेस सरकार की आलोचना की गई।

इस अवसर पर विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि बिजली बिल में बढ़ोतरी कांग्रेस सरकार की तानाशाही मानसिकता का परिणाम है। यह बिजली बिल नहीं, छत्तीसगढ़ के आम लोगों से अवैध उगाही का मामला है। विभागों में भ्रष्टाचार करते-करते यह सरकार अब आम लोगों से भी बिजली बिल में राशि बढ़ाकर अवैध वसूली कर रही है। गरीबों के आवास योजना में राशि नहीं देना, सड़कों का खस्ताहाल होना, युवाओं के साथ रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ते के मुद्दे पर धोखा, मध्यान्ह भोजन रसोईया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के नियमितीकरण पर धोखा, इन सब विषयों के कारण जनता आने वाले चुनाव में कांग्रेस सरकार को सबक जरूर सिखाएगी।

कार्यक्रम को युवा मोर्चा के जिला मंत्री विकास शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा कांग्रेस सरकार की नाकामियों को उजागर करती रहेगी तथा जनता के साथ खड़े रहेगी। आक्रोश सभा को भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दिनेश नागेश तथा अभिषेक पावले ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी संतोष ने तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री जयंतनाथ सिंह ने किया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य राजू राम, वीरेंद्र गुप्ता, मनीष दुबे, हिमांशु सिंह सेंगर, रामकिशन यादव तथा सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।



अंबिकापुर, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)। आज अम्बिकापुर के गाँधी चौक में राजू गुप्ता,प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस ने अपने समर्थको के साथ रामबिलाश साहू ,प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस का लड्डुओं से तौल कर किया भव्य स्वागत किया गया जो रोड शो में तब्दील होकर कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद किसान सम्मान यात्रा सूरजपुर के लिए रवाना हो गया।

# नशा मुक्ति अभियान क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ




- संवाददाता -
प्रतापपुर , 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

नशा मुक्ति अभियान क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हाई स्कूल ग्राउंड में मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रेमसाय सिंह शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन मरावी के अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें 16 टीम भाग लिए हैं जिसमें प्रथम मैच कदम पारा एवं बाजार इलेवन के बीच में खेली गई उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए शिक्षा मंत्री ने दोनों टीमों के बीच ट्रांस करा कर एवं खिलाड़ियों से मुलाकात कर 3 बॉल बैटिंग भी की है इस दौरान डॉक्टर प्रेमसाय सिंह ने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ हाता ह वहा खल क प्रति रुचि रखने वाले लोगों में काफी उत्साह सहित खेल से कई तरह के रोग भी दूर होते हैं तथा खेल जीवन इंसान के व्यक्तित्व को सुधरता है इस दौरान शक्कर कारखाना के अध्यक्ष विद्या सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश गुप्ता ,नवीन जयसवाल, सतीश चौबे, शक्कर कारखाना उपाध्यक्ष जितेंद्र दुबे, अवधेश सिंह ,बलवीर यादव ,त्रिभुवन सिंह,बिजुदासन, सहित खेल कमेटी के विक्रम प्रताप सिंह सर्वेश्वर तिवारी निखिल सिंह रॉबिन गर्ग राजेश रवि फैजान अमित गुप्ता लकी सीकू सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय खलीबा में वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



अम्बिकापुर के खलीबा में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में मंगलवार को वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ किया गया। जिसमें आगामी 5 दिनों तक विद्यालयीन छात्र-छात्राएं अलग-अलग खेल गतिविधियों में शामिल होंगे। इस शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कारगिल योद्धा और कीर्ति चक्र से सम्मानित भरोसा कुजूर रहे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके सिन्हा ने शाल, श्रीफल एवं पुष्पगच्छ द्वारा अतिथि कारगिल योद्धा भरोसा कुजूर को सम्मानित किया एवं अन्य अतिथि गण पूर्व नवोदयन डॉ. दिव्या रानी, न्यूट्रिशियन अंजू, रामचंद्र भगत (एसएडीओ एग्रीकल्चर, राजपुर), रवि सिंह का हार्दिक अभिनंदन किया गया। नवोदय की छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथियों के आगमन पर मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने स्वागत भाषण के अंतर्गत कहा कि खेल हमारे सर्वांगीण विकास के लिए परम आवश्यक है। खेल बच्चों में मानवीय गुणों तथा जीवन में अच्छी आदतों को विकसित करता हैं। अतः प्रत्येक बच्चे को खेल का भी आवश्यक समय विद्यालय में दिया जाता है ताकि वे जीवन जीने की कला भी सिख सके। इसके पश्चात सभी सभी सदन कप्तानों के नेतृत्व में बच्चों द्वारा मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा एरोबिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरोसा कुजूर (अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड, सरगुजा संभाग) ने मशाल जलाकर खेल उत्सव का उद्घाटन किया। बॉलीबॉल मैच का आयोजन अरावली एवं शिवालीक सदन के छात्र टीमों के मध्य खेला गया जिसमें अरावली सदन विजेता रहा। 100 मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा सदन वार प्रारंभ की गई। अपने वक्तव्य में कुजूर ने बच्चों को खेलों के प्रति उत्साहित करते हुए अपने जीवन के सारे अनुभवो को साझा करते हुए बताया कि एक गरीब परिवार का बच्चा अपने जोश एवं जुनून से कारगिल युद्ध तक का सफर तय कर आपके सामने उपस्थित है। उन्होंने कहा कि अनुशासन समय की पाबंदी एवं निरंतर परिश्रम द्वारा कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुरेंद्र पाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय विद्यालय के शिक्षक गण, कर्मचारी गण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया।

# 2500 प्रति क्विंटल धान के पीछे सैकड़ों परेशानियों का जवाबदेह कौन?

» पहले बारदाने की शॉर्टेज होती थी, इस बार बारदाना ही शॉर्ट हो गया

» क्या किसान अपना उपार्जन तभी बेच पाएगा,जब वह रेत और मुरूम मिश्रित गोबर खरीदेगा?

» फसल तो उपार्जित हो गया और बोनी भी हो गई,अब जबरन थमाये जाने वाले गोबर से बने खाद का कहां उपयोग करें?

» बारदाना में ऐसे हुई कटौती की 40 की जगह 35-36 किलो ही धान बारदाना में समा रहे

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 22 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

छत्तीसगढ़ में 15 वर्षों से काबिज सरकार को? बदलने में किसानों की अहम भूमिका रही। किसानों ने अपनी मेहनत अनुसार दाम ना मिलने की वजह से 15 साल वाली सरकार को बदल दिया, क्योंकि आने वाली सरकार ने उन्हें उचित दाम देने का वादा किया था। वादा के अनुरूप नई सरकार ने अपना वादा पूरा भी किया और विगत 3वर्षों से 2500 में धान खरीदी भी की पर धान को खरीदने के साथ उन्होंने किसानों के सामने समस्या भी बहुत बढ़ाई। पहले बारदानों को लेकर खूब परेशान किया, फिर धान की निगरानी को लेकर किसानों को खूब परेशान किया। ऐसा लगा कि किसान धान नहीं घरों में कोई अवैध सामग्री रखें? हैं। खूब छापेमारी चली अब वर्तमान सरकार के अंतिम वर्ष में अंतिम धान खरीदी के समय एक नए शर्तों के साथ धान की खरीदी हो रही है। स्थिति यह है कि किसानों को धान बेचने पूर्व परमिट कट आते समय ही गोबर के बने खाद खरीदने पड़ेंगे। किसान को उक्त खाद की आवश्यकता है या नहीं, यह मायने नहीं रखता। जबरिया हर किसान को उक्त खाद का टोकन कटवाना पड़ रहा है, जिसके एवज में प्रति बोरी 300 की राशि लग रही है।

आश्चर्य का विषय और सवाल यह है की खाद तो मौजूद है नहीं पर रसीद कटा कर सरकार को लाभ पहुंचाया जाएगा। उस रसीद के एवज में गोबर के खाद मिलेंगे भी या नहीं? क्योंकि इसी सत्र में पूर्व में सैकड़ों किसानों को श्रृण और खाद वितरण करते समय वर्मी कंपोस्ट के नाम पर हजारों रुपए लेकर उनकी रसीद तो थमा दी गई, परंतु उन किसानों को आज तक वर्मी कंपोस्ट उपलब्ध नहीं कराया गया। और जिन किसानों को वर्मी कंपोस्ट मिला भी तो यह गोबर युक्त खाद केवल रेत और मुरूम युक्त था। जो किसी काम का नहीं था। गोधन न्याय योजना की वाहवाही के चक्कर में किसानों से ?2 किलो खरीदे जाने वाले गोबर को उन्हीं किसानों को रेत और मुरूम मिलाकर 10 किलो जबरिया बेचना कहां का न्याय है? आलम यह है कि जब किसान अपना उपार्जित धान बेचने समिति में टोकन कटवाने जा रहा है तो जबरन उसे वर्मी कंपोस्ट के नाम पर हजारों रुपए की रसीदें थमाई जा रही हैं। जिसके एवज में धान विक्रय के समय राशि समायोजित की जा रही है। विडंबना यह भी है की तत्काल किसानों को वर्मी कंपोस्ट उपलब्ध भी नहीं कराया जा रहा। साथ ही सवाल यह भी



उठता है, यदि किसानों को वर्मी कंपोस्ट के किसि तरह उपलब्ध करा भी दिया जाए तो इस समय जहां खरीफ फसलों की कटाई हो चुकी है और रबि फसलों की बुवाई हो चुकी है,तब इस मुरूम युक्त वर्मी कंपोस्ट का करें भी तो क्या करें? खून पसीने से अर्जित कमाई का इस प्रकार लुट जाना किसानों को रास नहीं आ रहा, परंतु उनका विरोध भी उनके काम नहीं आ रहा। क्योंकि इस गंभीर मसले पर सत्ता पक्ष तो आंख मूंदे बैठा ही है, वहीं विपक्ष का कहीं अता पता नहीं है। स्वयं को किसान हितैषी बताने वाले सत्ता पक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधि और नेता, दोनों इस मसले पर मौन हैं। क्योंकि पहुंच, पकड़, रसूख के दम पर तो उनका काम बगैर वर्मी कंपोस्ट के रसीद के ही आसानी से हो जा रहा है। इतने में दो पाटों के मध्य केवल किसान पिस जा रहा है।

### बारदाने की तो शार्टेज नही, परंतु बारदाना ही शार्ट

एक तो मौसम की मार और अनियमित बारिश की वजह से जहां एक ओर फसलों को भारी नुकसान हुआ। वहीं दूसरी ओर देर से हुई वर्षा के कारण प्रदेश में धान की फसल भी ठीक से नहीं हो पाई। उपार्जित धान के दानों का वजन भी पूर्व वर्षों के मुकाबले हल्का हो गया। कोढ़ में खाज वाली बात यह हो गई कि इस बार सरकार ने धान खरीदी के लिए सहकारी समितियों को जो बारदाना सप्लाई किए हैं, उनका आकार पूर्व की तुलना में छोटा है। जिसमें किसी भी सूरत में 41 किलोग्राम की भर्ती करना नामुमकिन है। क्योंकि चंद किस्मों को छोड़ दिया जाए जो वजनी होते हैं, उनके अलावा अधिकांश धान की किस्में ऐसी हैं की प्रदाय किए जाने वाले बार दाने में शासन के नियमानुसार 40 किलो+1 किलो की भर्ती करना असंभव है। टोकन कटा कर समिति में पहुंचने वाले किसान इस समस्या से भारी परेशान हैं, क्योंकि किसी भी सूरत में उक्त बोरों में धान विक्रय करना संभव नजर नहीं आ रहा। जिससे किसान अपनी फसल समिति से वापस लाने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर समिति कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले हो गई है। जो किसान समिति कर्मचारियों का मुंह मांगा राशि अदा करने को तैयार हैं, उनके कम धान की भी आसानी से बिक्री समिति में हो जा रही है। किसानों की समस्याओं का इतना बड़ा मुद्दा किसान नेताओं, जनप्रतिनिधियों और विपक्षी नेताओं को दिखाई नहीं दे रहा, जो बड़े आश्चर्य की बात है।

### टोकन कटाने से लेकर तौल पत्रक प्राप्त करने तक किसानों को जेब ढीली करनी पड़ रही

कहने को तो वर्तमान में किसान हितैषी सरकार है। जो किसानों के हित में बड़े-बड़े वादे कर सत्ता में आई थी। और सत्ता में आने का एक अहम कारण यह भी था कि चुनाव पूर्व उन्होंने किसानों के लिए बड़े-बड़े वादे भी किए थे। जिन से प्रभावित होकर छत्तीसगढ़ के किसानों ने एकतरफा समर्थन भी दिया। किसानों से किए गए वादे जिन्हें आंशिक रूप से पूरा करने का बेमन प्रयास भी किया गया। (बेमन प्रयास इसलिए कहा जा रहा की धान के एवज में प्रति कुंटल 2500 ? की राशि का किस्तों मैं मिलना किसानों को रास नहीं आ रहा) प्रयासों के बावजूद धरातल पर स्थिति एन उलट है। हालात यह है कि किसानों को हर परिस्थिति में दुर्दशा का शिकार होना पड़ रहा है। वर्तमान में धान खरीदी में किसानों को सुविधा प्रदान करने के लिए जितने भी दावे किए जाएं, परंतु उपार्जित फसल को समिति तक लाने के लिए टोकन कटाने से लेकर बारदाना प्राप्ति, तौल कराई और विक्रय कर तौल पत्रक प्राप्त करने के हर चरण में किसानों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। समितियों में कार्यरत अस्थाई और व्यवस्था के तहत काम कर रहे कर्मचारी खुलेआम हर कार्य के लिए किसानों से पैसे ले रहे हैं। नाम ना छापने की शर्त पर कुछ किसानों ने बताया कि कर्मचारियों के इस रवैए का विरोध करने पर उनका साफ कहना है कि वे कोई स्थाई नौकरी में तो है नहीं, जो उनका कुछ बिगड़ जाएगा। हां ऊपर पैसे देकर काम कर रहे हैं, तो वसूली भी तो यहीं रहकर करेंगे। किसान यदि विरोध करें भी तो उन्हें सीधे धमकाया जाता है कि देखेंगे तुम धान कैसे विक्रय करते हो? स्थिति यह है कि जिले के किसी भी समिति में समिति द्वारा पल्लेदारी का पैसा नहीं दिया जा रहा। वह भी किसानों की जेब से ही निकाला जा रहा। और ऐसा नहीं है कि इससे अधिकारी और जनप्रतिनिधि अवगत नहीं है, परंतु मिलीभगत की चाशनी में सब डूबे पड़े हैं।

### जनप्रतिनिधियों और विपक्ष का मौन समझ से परे

किसानों के बहुतायत वाले प्रदेश में, जिसे धान का कटोरा कहा जाता है, किसानों को अपने उपार्जित फसल को समिति में विक्रय करने के लिए विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। जिससे जनप्रतिनिधि और विपक्ष के नेता भी अवगत हैं। परंतु किसान हित में इनके द्वारा किसी प्रकार का कोई कदम नहीं उठाया जा रहा, ना ही किसी प्रकार? यह प्रयासरत हैं, ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके। जबकि जनप्रतिनिधि और विपक्ष के नेता भी अधिकांशतः किसान हैं। शायद इनके मौन रहने का कारण यह हो सकता है की मिलीभगत के कारण इनके सारे कार्य आसानी से निपट जाते हैं, और आम जनता, आम किसान इनकी ओर ताकता रह जाता है। बहरहाल चुनाव कि नजदीकी बढ़ रही है, फिर से किसानों से लोक लुभावने वादे किए जाएंगे, उन्हें बरगलाने की कोशिशें की जाएंगी, और भोले-भाले किसान उनकी बातों में आ भी जाएंगे। सत्ता बदलती रहेगी, नुमाइंदे बदलते रहेंगे, नहीं बदलेगी तो केवल किसानों और जनता की स्थिति।

## रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय में जिला स्तरीय भाषण,इलेक्शन क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित





- संवाददाता -
सूरजपुर, 22 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

महाविद्यालय में अध्ययनरत युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने एवं सामान्य जन के मध्य मतदाता जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सूरजपुर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में अकादमिक प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता, लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

जिसके अन्तर्गत जिले के 13 महाविद्यालयों में प्रथम चरण में महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों हेतु द्वितीय चरण में आज शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन भाषण, इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 12 विविध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को सम्मिलित कर निर्णायक मण्डल का गठन करते हुए प्रतियोगिता का संचालन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में बुशरा फातमा सिद्दीकी, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय ने प्रथम स्थान, तथा कु. आँचल, शासकीय महाविद्यालय सिलफिली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में कु. चंदा सिंह, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय ने प्रथम एवं, शिवम गुर्जर, पं. रविशंकर त्रिपाठी शासकीय महाविद्यालय भैयाथान ने द्वितीय स्थान, प्राप्त किया। आयोजन के समापन में भाषण एवं इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र एवं नकद पुरस्कार का चेक भाषण में प्रथम को 4000 रुपए द्वितीय को 3000 रुपए एवं इलेक्शन क्विज में प्रथम एवं द्वितीय को 4000-4000 रुपये भी दिये गये साथ ही सहभागिता करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. एच.एन. दुबे, प्रो. नोडल अधिकारी स्वीप श्री चन्द्र भूषण मिश्र, निर्णायक मण्डल में श्री अमित सिंह बनाफर, सुश्री पूजांजली भगत, सुश्री मनीषा अंजली तिर्की, श्री रंजीत कुमार सातपुते, डॉ. रश्मि पाण्डेय, एवं विविध महाविद्यालयों के अनेक प्राध्यापकगण तथा आयोजक महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं सम्मलित रहे।

## संसदीय सचिव ने बच्चों को किया निःशुल्क चश्मा वितरण



- संवाददाता -
सूरजपुर, 22 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का समापन समारोह जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई में माननीय पारस नाथ राजवाड़े भटगांव विधायक एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ शासन के मुख्य आतिथ्य में तथा जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. एस. सिंह के अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह एवं सहायक नोडल अधिकारी अंधत्व मुकेश राजवाड़े विद्यालय के पालक प्रतिनिधि आलोक साहू के गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई तथा सीएमएचओ के द्वारा विभिन्न नेत्र रोग की जानकारी, बचाव तथा स्वास्थ्य शिक्षा पर विशेष प्रकाश डाला गया। संसदीय सचिव ने बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय की मरम्मत एवम् विद्यालय में आने वाले पलकों के लिए वैटिंग हाल निर्माण हेतु शासन से बात कर पहल कराने की बात कही। कार्यक्रम में डॉ. मुकेश गुप्ता, पीएचसी प्रभारी मीना सोनी, नेत्र सहायक अधिकारी मारुतिनंदन, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. राजेंद्र यदु और शिक्षक डॉ.जे.एच. सिद्धकी, डीआर कंवर, डीपी देवांगन, सी.आर. चौहान, पद्मिनी तिवारी, पारुल सक्सेना, शिखा, प्रतिभा प्रजापति, एम.के. सोनी, प्रदीप सिंह स्टाफ नर्स सुनीता सैनी नेत्र सहायक अधिकारी ऋतु राज सिन्हा, श्यामलाल चौधरी इमरान खान स्वस्थ विभाग से दीपक साहू, दिनेश राजवाड़े, नारेंद्र ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

## कुपोषण दूर करने जिले में शुरू हुआ पोषण तुंहर द्वार कार्यक्रम

» हाई रिस्क गर्भवती, शिशुवती व कुपोषित बच्चों को मिलेगा सप्ताह में 6 दिन गरम पौष्टिक भोजन



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने जिले में कुपोषण दूर करने अभिनव पहल करते हुए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत पोषण तुंहर द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम महिला एवं बल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही है।



पोषण तुंहर द्वार में एनीमिक हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं, एनीमिक शिशुवती महिलाओं एवं 6 माह से 3 वर्ष तक के गंभीर कुपोषित बच्चों को सप्ताह में 6 दिन गरम पौष्टिक भोजन खिचड़ी एवं उबला अण्डा प्रदान करने की शुरूआत की जा रही है। आंगनबाड़ी अंगबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से एनीमिक गर्भवती और शिशुवती महिला की सास, आंगनबाड़ी केन्द्र या निर्धारित स्थल पर टिफीन में गर्म भोजन पौष्टिक खिचड़ी एवं अण्डा प्रदान किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत पोषण व्यवहार परिवर्तन में परिवार एवं समाज की भूमिका को मजबूत करने का प्रयास हो रहा है। जिले में इसके लिए मयारू सास तथा सुपोषण गोठ को महत्वपूर्ण मानकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। एनीमिक गर्भवती और शिशुवती महिला की सास या ससुर को जिम्मेदार बनाने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा निर्धारित स्थल से गर्म भोजन, पौष्टिक खिचड़ी एवं उबला अण्डा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में विभिन्न परिवार के सदस्यों को गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं एवं गंभीर कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल की जा रही है जनसमुदाय में एनीमिक गर्भवती, शिशुवती महिला और गंभीर कुपोषित बच्चों की देखभाल के लिए जागरूक किया जा रहा है।





## स्वच्छता में मॉडल के रूप में उभरने वाले, जिले के 18 ग्राम पंचायतों की हुई डीपीआरएसी भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण

- संवाददाता -
सूरजपुर, 22 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वीसी में दिए गए निर्देश तथा कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा व जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में विगत दिनों स्वच्छ भारत मिशन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षणार्थी को मॉडल ग्राम बनाने हेतु सभी घरों में क्रियाशील शौचालय, सूखे एवं गीले कचरे का सही निपटान, तरल अपशिष्ट के निपटान, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, फीकल सलज मैनेजमेंट विषय पर जिला पंचायत के स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा प्रशिक्षण देकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# भाजयुमो ने बिजली बिल के बेतहाशा वृद्धि पर किया गृह संपर्क अभियान की शुरुआत

» सरकार ने जनता से बिजली बिल माफ करने का किया झूठा वादा

» कांग्रेस सरकार सुरक्षा निधि के नाम पर कर रही अवैध वसूली-संस्कार

- संवाददाता -
सूरजपुर, 22 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश नेतृत्व के द्वारा भाजयुमो के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के निर्देशन पर 16 नवंबर को तीन चरणों में जारी किए गए प्रदेशव्यापी कार्यक्रमो के तहत भाजयुमो संभाग प्रभारी चिंटू राजपाल, जिला प्रभारी विकास झा, सह जिला प्रभारी अभय साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रविंद्र भारती व भाजपा द्वारा भाजयुमो जिला प्रभारी लोकेश पैकरा एवं भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के प्रथम चरण बिजली बिल पर बेतहाशा वृद्धि के विरोध में प्रदेशव्यापी जन जागरण अभियान और द्वितीय चरण के प्रथम दिवस गृह संपर्क अभियान के तहत भाजयुमो शहर मंडल सूरजपुर के कार्यक्रम प्रभारी व जिला मंत्री राजेश साहू की विशेष उपस्थिति में भाजयुमो शहर महामंत्री संस्कार अग्रवाल के नेतृत्व में पार्षद अजय सिंह व महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोज साहू की उपस्थिति में गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। मंगलवार को बिजली बिल पर बेतहाशा वृद्धि के विरोध मे भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी जन जागरण अभियान के द्वितीय चरण के प्रथम दिवस गृह संपर्क अभियान के तहत सुभाष चंद्र वार्ड क्रमांक 7 में घर-घर जाकर गृह संपर्क करते हुए कांग्रेस की ठग सरकार वाली भूपेश बघेल की प्रदेश सरकार के द्वारा की जारही बिजली बिल पर बेतहाशा वृद्धि और उस पर अतिरिक्त सुरक्षा निधि के नाम पर अवैध राशि की वसूली के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया और भूपेश बघेल सरकार के द्वारा चुनावी वादे के दौरान अपने जन घोषणा पत्र (मेनिफेस्टो) में बिजली बिल हाफ करने की झूठी घोषणा कर प्रदेश की जनता को छला है इस संबंध में भी जगह-जगह छोटे-छोटे चौपाल लगाकर विस्तार से चाय पर भी चर्चा की गई।इस जनजागरण व गृह संपर्क अभियान के दौरान जनता ने भी वर्तमान में प्रदेश में स्थापित इस कांग्रेस की भ्रष्ट, झूठी और निकम्मी सरकार को जमकर कोसा है और भाजयुमो के द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को सराहा है इस कार्यक्रम के माध्यम से भाजयुमो ने भी इस भूपेश बघेल सरकार के द्वारा झूठे वादे कर जनता को छलने का जमकर विरोध करते हुए इसकी कड़ी निंदा की है।इस कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम प्रभारी व भाजयुमो जिला मंत्री राजेश साहू, वार्ड पार्षद अजय सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरोज साहू, भाजयुमो शहर महामंत्री संस्कार अग्रवाल, बूथ अध्यक्ष लालसाय विश्वकर्मा, भाजयुमो सोशल मीडिया प्रभारी विकास साहू, लोकनाथ बैगा, अक्षत अग्रवाल, रोहित साहू, जुगेश बैगा, रोहित कसेरा, ऋषि कसेरा, सूरज साहू, मधु साहू, प्रीति साहू, रीना साहू, रजनी यादव, फुलेश राजवाड़े सहित काफी संख्या में भाजपा व भाजयुमो पदाधिकारी एवं स्थानीय वार्डवासी उपस्थित रहे।



# जो काम वर्तमान सरकार नहीं कर सकी,क्या विपक्षी पार्टी कर पाएगी?

## सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों से मांग रखते-रखते हो गए निराश,अब विपक्ष से आस

- पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े के साथ महिला पुलिस स्वयंसेवकों के प्रतिनिधिमंडल पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री के पास
- विधानसभा सत्र में सदन के पटल में आवाज उठाने के लिए की गई मांग
- क्या भैयालाल के नेतृत्व में हो पाएगा इनका समाधान,मसीहा बनकर भैयालाल पहुंचे रायपुर



- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 22 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

छत्तीसगढ़ शासन में पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े, जिनका नाम सुनते ही जेहन में एक ऐसे व्यक्ति की तस्वीर उभरती है जो वास्तव में जनसेवक है। राजनीति में पदार्पण से लेकर वर्तमान तक हर स्तर में शायद ही किसी को भैयालाल राजवाड़े से निराश होना पड़ा हो। संभावी सभी प्रकार के मदद के लिए इनके दरवाजे आम जनता के साथ-साथ पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए सदैव खुले रहे। अपनी सत्ता शासन में पूरे प्रदेश के लिए इन्होंने अपना रायपुर वाला बंगला एक तरह से जनता को समर्पित कर दिया था। पूरे प्रदेश के लोग अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर जब राजधानी पहुंचते थे, तो उन्हें एकमात्र आसरा भैयालाल जी के साथ दिखाई पड़ता था। पीड़ित और बीमार लोगों की तीमारदारी और भैयालाल जी द्वारा उपलब्ध कराएं जाने वाले सुविधाओं के चलते लोग इन्हें इलाज वाले बाबा की उपाधि से भी नामित किए। दिन हो, रात हो, मंत्री रहते हुए भी चौबीसों घंटे जन सेवा में लगे रहने वाले भैया लाल राजवाड़े जी कभी बाइक पर तो कभी और किसी रूप में सदैव पीड़ितों और वंचितों के लिए आशा का किरण बने रहे। यही कारण है कि कोरिया जिले की राजनीति में स्वर्गीय श्री रामचंद्र सिंहदेव के समकक्ष और सर्वमान्य नेता के रूप में भैया लाल राजवाड़े जी आज भी ख्यातिलब्ध हैं। कहीं ना कहीं विगत चुनाव में इनके पराजय की टीस आज भी जनता के सीने में उठती है। वर्तमान सरकार के 4 साल के कार्यकाल और विगत 4 साल से कोरिया जिले की स्थिति परिस्थिति से दो-चार होने वाले बैकुंठपुर विधानसभा की जनता पछतावा महसूस करती है कि बरगलाव में आकर सच्चे जनसेवक को स्वयं सै दूर कर दिया। परंतु आज भी लोगों को सत्ता पक्ष से ज्यादा उम्मीद कोरिया जिले में भैयालाल राजवाड़े जी से है। शायद यही कारण है कि अपनी समस्याओं को लेकर महिला पुलिस स्वयंसेवकों ने भैयालाल जी से मिलकर उन्हें अवगत कराया और मार्ग प्रशस्त करने की गुहार लगाई।



मामला महिला पुलिस स्वयं सेवकों से जुड़ा हुआ है। विगत सरकार में सामाजिक अपराधों की रोकथाम, होने वाले अपराधों की त्वरित सूचना, महिला और बाल अपराधों की रोकथाम के लिए पंचायत स्तर पर प्रत्येक वार्ड में महिला स्वयं सेवकों की भर्ती पुलिस विभाग के सहयोग से की थी। जिन्हें महिला पुलिस स्वयंसेवक नाम दिया गया था। इनकी नियुक्तियों से बहुत हद तक पुलिस विभाग को भी सहयोग प्राप्त हो रहा था। जिसके एवज में प्रत्येक महिला पुलिस स्वयंसेविका को 1000 का मानदेय दिया जा रहा था। सरकार बदलते ही बिना किसी पूर्व सूचना या बगैर कारण बताएं और कई महीनों का भुगतान दिए बगैर इन्हें कार्य से निकाल दिया गया। अपने अप्राप्त मानदेय और कार्य में बने रहने को लेकर महिला पुलिस स्वयं सेविकाओं नै सरकार के नुमाइंदों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष समय-समय पर गुहार लगाई। विभिन्न मंचों, सोशल मीडिया, समाचार पत्रों के माध्यम से अपनी बात रखी, परंतु कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। जब सत्ता पक्ष से पूरी तरह आस टूट गई तो महिला पुलिस स्वयं सेविकाओं ने विपक्ष से उम्मीद लगाई और विधानसभा में सदन में अपनी बात रखने के लिए भैया लाल राजवाड़े जी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अपने चरित्र अनुसार भैयालाल जी ने तत्काल इनकी समस्याओं को सुना और उचित पहल करते हुए सदन के पटल पर इनकी बात रखने के लिए इनके प्रतिनिधियों का मुलाकात छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी से कराया। जहां इन्हें पूर्णरूपेण आश्वासन दिया गया की उचित मांगों के समर्थन में सदन के पटल पर इनकी बात रखी जाएगी। रायपुर में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी से कोरिया जिले नै महिला पुलिस स्वयंसेविका के प्रतिनिधि मण्डल के साथ भेंट कर वार्ड महिला पुलिस? के देय भत्ता और पुलिस महिला स्वयं सेविका योजना को फिर से लागू करने विधानसभा के पटल पर रखने का आश्वासन दिया।

### लोगों की फिक्र ही पूर्व कैबिनेट मंत्री को बनाती है एक अलग जनसेवक

भाजपा नेता संदीप दुबे ने बताया कि पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े स्वयं के लिए नहीं लोगों के लिए सोचते हैं उनकी सोच ही उन्हें बाकी जनप्रतिनिधियों से अलग बनाती है, यही वजह है कि वह इस क्षेत्र के नेताओं में इनकी गिनती अलग होती है, लोगों से इनकी सरोकार ही भैयालाल को महान नेता बनाती है, इनके अंदर जो सत्ता रहते हुए था वही बिना सत्ता रहते हुए भी देखा जा सकता है और यह आज की नहीं बहुत पुरानी बात है भैया लाल अपने लिए कम अपने क्षेत्र की जनता वह अपने लोगों के लिए हमेशा ही सोचते हैं, श्रम मंत्री रहते हुए उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री जैसे काम भी किया था, जिसकी तारीफ आज भी क्षेत्र में होती है, एक बार फिर विपक्षी होने के नाते भैयालाल को जब लोगों ने याद किया तो उनकी समस्याओं को लेकर वह अपने पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष है ताकि उनकी बातों को विधानसभा सत्र में रख सकें, यदि केंद्र से कोई मदद मिल सके तो वह केंद्र से ही इनकी मदद करें और इनका भला हो सके।




## युवा कांग्रेस बलरामपुर को जिले में भारत जोड़ो यात्रा में अच्छा प्रदर्शन करने पर राजधानी रायपुर में मिला सम्मान

- संवाददाता -
कुसमी, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के द्वारा इंडोर स्टेडियम रायपुर में आयोजित भारत जोड़ो संकल्प समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य अतिथि में एवं भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीबी श्रीनिवास की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के द्वारा बलरामपुर जिलाध्यक्ष बृजेश यादव को बलरामपुर जिला के सभी विधानसभा में सामरी विधानसभा अध्यक्ष दीपक बुनकर को सामरी विधानसभा में भारत जोड़ो पद यात्रा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बेस्ट युवा कांग्रेस का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया,सम्मान मिलने पर बलरामपुर जिले के युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बृजेश यादव ने कहा की हमारे बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मान हमे मिला है इसके लिए मुख्यमंत्री भुपेश बघेल , देवेंद्र यादव एवं आकाश शर्मा का आभार जताया,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष दीपक बुनकर ने कहा की सामरी विधानसभा में बेहतर प्रदर्शन के लिए हमे सम्मान मिला है यह हमारा सम्मान नही बल्कि सभी वरिष्ठ जन एवं युवा कांग्रेस के सक्रियता समर्पण के बदौलत मिला है, जिससे युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुवा आगे भी पार्टी के आदेश पर जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसे बेहतर काम करगे और आने वाले विधानसभा चुनाव में परिणाम देखने को मिलेगा।

## स्कूलों में जारी किए जा रहे जाति प्रमाण पत्र,कलेक्टर लंगेह ने की समीक्षा

- स्कूलों में जारी किए जा रहे जाति प्रमाणपत्र, कलेक्टर लंगेह ने की समीक्षा
- समय सीमा के अंदर शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश
- बकरीपालन को बढ़ावा देने कृत्रिम गर्भाधान हेतु कार्ययोजना तैयार करने डीडी वेटनरी को निर्देश
- गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी, वर्मी खाद निर्माण, वर्मी खाद विक्रय आदि पर विस्तृत दिशा निर्देश



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 22 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में स्कूलों में जाति प्रमाणपत्र तैयार करने के कार्य की समीक्षा की। स्कूलों में शिविर के माध्यम से स्थाई जाति प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार समय सीमा के भीतर निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी और समस्त एसडीएम को दिए। इसी तरह उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की।

कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले में बकरीपालन को और फायदेमंद बनाने पर डीडी वेटनरी से चर्चा की और एक सप्ताह के भीतर कृत्रिम गर्भाधान की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने कहा। इसी क्रम में उन्होंने गांवों में कार्यरत कृषि सखी और पशु सखी दीदियों को सक्रिय करने के निर्देश दिए जिससे वे इसके संबंध लोगों को जागरूक कर सकें। कलेक्टर ने डीडी वेटनरी को पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कराने के भी निर्देश दिए।

बैठक में गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी, वर्मी खाद निर्माण और वर्मी खाद विक्रय के सुचारू संचालन पर संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गौठानों में निरंतर भ्रमण करें और वर्मी खाद निर्माण में संलग्न महिला समूहों को पुनः प्रशिक्षण दिलाएं। उन्होंने नोडल अधिकारियों को भी निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर ने बैठक में अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी नजर रखने खनि अधिकारी को निर्देशित किया। मुख्य नगरपालिका बैकुंठपुर को शहरी व्यवस्था को बेहतर बनाने के कड़े निर्देश दिए। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के जिला प्रवास पर की गई घोषणाओं और निर्देश के पालन की समीक्षा की और शेष पर शीघ्र कार्यवाही कर पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, संयुक्त कलेक्टर श्री अनिल सिदार, समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोगपा अध्यक्ष ने एमसीबी पुलिस अधीक्षक को पत्रकारों पर हो रहे झूठी एफआईआर को लेकर सौंपा ज्ञापन






- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़ 22 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एमसीबी जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने जिला एमसीबी पुलिस अधीक्षक सौंपा ज्ञापन और कहा की मनेंद्रगढ़ थाना में इस समय मनमानी तरीके से उप निरीक्षक थाना प्रभारी के द्वारा बिना विवेचना के केस पहले रजिस्ट्रेशन कर दी जाती है।

पुलिस अधीक्षक से मांग करती है। बिना विवेचना के 294.506.323 की धारा एक तरफा जबरजस्ती ना कि जाए, इसकी जांच ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग से होना बहुत ही जरूरी है। वैसे भी अभी तक हमारे पास कई आवेदन है जिसमें उप निरीक्षक कोतवाली प्रभारी के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। पत्रकारों को लेकर भी झूठी एफआईआर दर्ज कर पत्रकारों को कोतवाली में बुलाकर डराया धमकाया जाता है जो कि पत्रकार निष्पक्ष होते हैं पत्रकारों का काम है खबर लगाना अगर पत्रकार कोई खबर लगाते हैं झूठे रिपोर्ट पर बिना विवेचना के केस दर्ज ना की जाते अगर पत्रकार के खिलाफ कोई मामला थाने में आता है तो थानेदार फोन कर के पत्रकार की भी बात सुने पूरी विवेचना करें अगर पत्रकार दोषी पाए जाते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाए साथ में ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग होना बहुत ही जरूरी है। शासन कांग्रेस का है भ्रष्टाचार का बोलबाला है जो निष्पक्ष और स्वतंत्र पत्रकार राजस्व विभाग के अधिकारियों का पर्दाफाश करना चाहती है एवं ग्राम पंचायत में जो भ्रष्टाचार हो रहा है उसे उजागर करना चाहती है, वनपरीक्षेत्र के अधिकारी भी इस समय भ्रष्टाचार से ज्यादा लिफ्त साक्ष सबूत द्वारा अगर खबर लगाया है तो झूठे केस में फंसा दिया जाता है जिसका हम भरपूर विरोध करते हैं पत्रकार भ्रष्टाचार उजागर करता है उसके खिलाफ झूठे केस बनाकर उसे प्रताड़ित किया जाता है इसका गोंडवाना गणतंत्र पार्टी भरपूर विरोध करती है। पुलिस अधिक्षक से अनुरोध है अगर मनमर्जी तरीके से पुलिस कानून प्रशासन बिना वजह नागरिक को परेशान करेगी। एमसीबी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी इसके लिए उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

# जिलास्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के दूसरे दिन आज संखली,फुगड़ी,बिल्लस तथा बाटी (कंचा) खेलों का हुआ आयोजन

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 22 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2022-23 के दूसरे दिन भी खिलाड़ियों में बेहतर खेल का जज़्बा दिखा। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल खरवत में आयोजित किए जा रहे खेलों में क्लब, जोन और विकासखंड स्तरों में विजित खिलाड़ियों में जिलास्तर पर भी जीत हासिल करने उत्साह देखने को मिल रहा है। खेल अधिकारी ने बताया कि आज संखली, फुगड़ी, बिल्लस तथा बाटी (कंचा) का आयोजन किया गया था, जिसमें महिला एवं पुरूष दोनों वर्ग में 0 से 18 वर्ष, 18-40 वर्ष एवं 40 से अधिक आयुवर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

खेलों में विजेताओं की सूची- संखली में 0 से 18 वर्ष में पुरुष वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर तथा महिला वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर, 18 से 40 वर्ष में पुरुष वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर तथा महिला वर्ग में विकासखण्ड सोनहत, 40 वर्ष से अधिक आयुवर्ग में पुरुष वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर



की टीम ने जीत हासिल की। इसी प्रकार कंचा में 0 से 18 वर्ष में पुरुष वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर तथा महिला वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर, 18 से 40 वर्ष में पुरुष वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर तथा महिला वर्ग में विकासखण्ड सोनहत, 40 वर्ष से अधिक आयुवर्ग में पुरुष वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर की टीम विजित रही। फुगड़ी में 0 से 18 वर्ष में पुरुष वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर तथा महिला वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर, 18 से 40 वर्ष में पुरुष वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर तथा महिला वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर, 40 वर्ष से अधिक आयुवर्ग में पुरुष वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर तथा महिला वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर ने प्रतियोगिता जीती, इसी प्रकार बिल्लस में 0 से 18 वर्ष में पुरुष वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के चरचा तथा महिला वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर, 18 से 40 वर्ष में पुरुष वर्ग में विकासखण्ड सोनहत तथा महिला वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर, 40 वर्ष से अधिक आयुवर्ग में पुरुष वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर तथा महिला वर्ग में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर ने जीत हासिल कर प्रतियोगिता के आगे चरण हेतु नाम दर्ज कराया।

## भानूप्रतापपुर विधानसभा मामला को लेकर भाजयुमो ने किया सीएम का पुतला दहन



- संवाददाता -
रामानुजगंज 22 नवम्बर 2022(घटती घटना)

भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के ऊपर झूठा बेबुनियाद चारित्रिक आरोप लगाकर,प्रदेश में आदिवासी अस्मिता को मजाक बनाते हुए मुख्यमंत्री भुपेश बघेल एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को मोहरा बना कर एक बहुत ही गंदा मजाक किया गया है। जिसके विरोध में जिला मुख्यालय बलरामपुर के पुराने कलेक्ट्रेट चौक पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिला महामंत्री गौतम सिंह के नेतृत्व में पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई जहां उन्होंने कहा कि भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में एनएसयूआइ के प्रदेश महासचिव व विधानसभा चुनाव प्रभारी का स्थानीय युवती के रेप केस में गिरफ्तारी के जवाब में प्रदेश के मुख्यमंत्री जैसे प्रतिष्ठित पद पर बैठे भूपेश बघेल द्वारा कोरा झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर विधानसभा चुनाव के जनादेश को अपने पक्ष में करने का जो कुकृत्य का प्रयास किया जा रहा है ब्रह्मानंद नेताम की बढ़ती लोकप्रियता एवं उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में बढ़ती हुई जनाधार को देख कांग्रेस के भूपेश बघेल घबरा गई है जनता उसका उचित जवाब अपने मतदान के द्वारा देगी। आज युवा मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला मुख्यालय में झूठा व लबरा सरकार के खिलाफ पुतला दहन कार्यक्रम जनता को सच्चाई से अवगत कराने के लिए किया गया। वहीं जिले के समस्त 11 मंडलों में भी इसी तरह पुतला दहन कर इस कोरे झूठ का विरोध किया जाएगा। पुतला दहन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता,जिला मंत्री अजय यादव,जिला कार्यसमिति सदस्य जगनारायण सिंह,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अंश सिंह, महामंत्री मनीष सिंह,नगर अध्यक्ष मंगलम पाण्डेय,नगर मंत्री वीरेंद्र यादव, उमाकांत मिश्र,अर्जुन यादव, राघव सोनी, निज़ामुद्दीन अंसारी, केश्वर दीपक, मनोज, राजेश, आदित्य, प्रीतम,आशीष कुमार,ऋषि लालवानी,राहुल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पंजाब सरकार बर्खास्त करने की मांग

-संवाददाता-

सूरजपुर, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)। शिवसेना ने आज राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौप कर पंजाब सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि विगत दिनों मंदिर की मूर्तियों को कुड़े मे फेंकने के विरोध में पंजाब के अमृतसर में प्रदार्शन कर रहे शिवसेना नेता सुधीर कुरी पर खालिस्तानी समर्थको ने हमला कर उनकी हत्या कर दी। उस समय वहां पर 50 पुलिस कर्मी खड़े थे। किन्तु किसी ने भी रोकने की कोशिश नहीं की। पंजाब में आज के समय मे खालिस्तानी समर्थक भगवंत मान की सरकार बैठी हुई है। जो खुलेआम खालिस्तान का समर्थन कर देश तोड़ने का प्रयास कर रही है।महामहिम से विनम्र अनुरोध है कि हिन्दुत्व की रक्षा के लिए शहीद हुए सुधीर सूरी सी के हत्यारों को तत्काल फांसी देते हुए देश विरोधी खालिस्तानी समर्थक पंजाब सरकार को तत्काल बर्खास्त करें।ज्ञापन सौपने के दौरान विष्णु वैष्णव,ज्ञानेंद्र शास्त्री सहित अन्य मौजूद थे।



CMYK

# सड़क निर्माण की गुणवत्ता सैकड़ों शिकायत के बाद भी प्रशासन की नींद नहीं खुली





-राजेन्द्र कुमार शर्मा -
खडगवा, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

लगातार अखबारों और सोशल मीडिया में सुर्खियों में रहने वाला लोक निर्माण विभाग सडक निर्माण कार्य में सरकार को लगा रहे है करोड़ों का चूना, उच्चअधिकारी नींद मे ठेकेदार-इंजीनियरों की साठगांठ

विकास खड खडगवा में यदि सबसे ज्यादा अखबारों की सुर्खियों में रहने वाला लोक निर्माण विभाग गांवों में सड़कों के निर्माण के लिए जिम्मेदार है। गुणवत्ता की लापीपोती को लेकर सरकार और प्रशासन के ढीले रवैये से सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस योजना को पलीता लगाने का सिलसिला अनवरत जारी है। प्रदेश में गठित जांच एजेंसी ने आज तक शिकायतों को न महत्व दिया और न ही सड़क की गुणवत्ता की जांच की गई।

जानकारों का कहना है कि इसके पीछे एक सिंडिकेट काम कर रहा है जो कागज मे ही सड़क निर्माण कार्य की जाच करा लेता है। ऐसे में जांच एजेंसी आखिर जांचेगी क्या? उसे तो वहां तक पहुंचने ही नहीं दिया जाता। होटलों में सेवादारी करके ठेकेदार और इंजीनियर वापसी की रवानगी डलवा देते है।

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा जमकर भ्रष्टाचार कर स्तरहीन निर्माण सामग्री का उपयोग कर सड़क निर्माण कराया जा रहा है। प्रदेश में हर जगह सड़कें बनायी गई एवं पांच साल का मेंटनेन्स की पूर्ति भी किया जाना है, किन्तु भ्रष्टाचार के कारण सड़कें केवल नाम मात्र के लिए ही निर्मित की गई, जिसमें भारी भ्रष्टाचार हुआ। गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण से कुछ महीनों में ही सड़कों पर दरारें आ रहीं हैं और जगह-जगह धंसने भी लगी हैं। योजना के तहत बनी सड़कों का कमोबेश पूरे जिले में एक जैसा हाल है। अधिकारियों ने इस योजना को तिजोरी भरने का माध्यम बनाकर ठेकेदारों को घटिया निर्माण करने का लाइसेंस दे दिया है। जो सड़कें वर्तमान में बन रही हैं उसकी गुणवत्ता निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर जांचा जा सकता है वहीं कुछ साल बनी सड़कों की दुर्दशा घटिया निर्माण की कहानी खुद ही बयां कर रही हैं। पांच साल तक सड़कों के मेंटनेंस की जिम्मेदारी भी ठेकेदार पूरा नहीं कर रहे हैं।

अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदारों ने जमकर कमाई की है। लोक निर्माण विभाग भ्रष्टाचार की शिकायतों को संज्ञान में लेने की जगह ठेकेदारों और कमीशन खोर अधिकारियों को उपकृत कर रहा है। सड़क घोटालों को छुपाने के लिए राज्य सरकार मरम्मत के लिए भी टेंडर जारी कर उन्हें कमाई का मौका देती है जिससे करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है।

### निर्माण कार्यों की नहीं हो रही मानिटरिंग

इस तरह सडक निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार और घोटालों को रोकने के लिए राज्य सरकार को एक निगरानी समिति बनानी चाहिए, जो सडकों की गुणवत्ता एवं भ्रष्टाचार पर निगरानी रखें।

इस लोक निर्माण विभाग में कार्य कर रहे अधिकारी सालों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं, जिनके कभी ट्रांसफर हुए भी वे कुछ ही महीने में पुनः उन्ही इलाकों में पदस्थ हो गए।

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत बनायी गई सड़कें बहुत कम समय में खराब होने व गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायते लगातार ग्रामीण राज्य सरकार से भी कर रहे हैं।

सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग किए जाने सहित कार्यों की खराब गुणवत्ता से संबंधित कई गंभीर शिकायतें मंत्रालय को मिली हैं। कई बार निविदा तथा ठेका प्रबंधन एवं गुणवत्ता नियंत्रण सहित कार्यक्रम के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने के लिए राज्य सरकार को आदेशित भी किया गया तथा राज्यों से ये अपेक्षा की गई है कि वे ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई करें। बावजूद अधिकारी शिकायतों पर परदा डालकर ठेकेदारों को मनमाने ढंग से काम करने की छूट देकर भ्रष्टाचार का मौका दे रहे हैं।

### एक भी ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं

सड़क निर्माण में लगीं एजेंसियों और ठेकेदारों के खिलाफ भ्रष्टाचार और गड़बडियों की शिकायत पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

ज्यादा सड़कों के घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने आवाज बुलंद की है, कई निर्माणाधीन सड़कों में गुणवत्ता हीन और घटिया मटेरियल के साथ सड़कों के निर्माण को लेकर मीडिया में खबरें आ रही है. ग्रामीण इसे लेकर अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंप रहे हैं लेकिन किसी भी शिकायत पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। आज तक किसी ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट तक नहीं किया गया है। मैदानी स्तर पर जमे अधिकारी उच्चाधिकारियों से सेटिंग कर ठेकेदारों को मोटे कमीशन लेकर शिकायतों पर परदा डाल रहे हैं।



## निजात अभियान के तहत कटघोरा पुलिस ने 02 किलो गांजा सहित एक नाबालिग समेत 02 आरोपी को किया गिरफ्तार.

- संवाददाता -
कोरबा, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन व एसडीओपी ईश्वर त्रिवेदी के नेतृत्व में कटघोरा थाना क्षेत्रान्तर्गत लगातार सट्टा, जुआ, शराब एवं कबाड़ का अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी अश्विन राठोर की सतत कार्यवाही जारी है।कटघोरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बांकी मोंगरा रोड गौठान के पास लखनपुर में तीन लोग अपने वाहन से गांजा की खेप कहीं खपाने जा रहे हैं द्ध कटघोरा पुलिस द्वारा उक्त मार्ग पर पुलिस के तैनाती कर संदेह के आधार पर एक मोटरसाइकिल को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान तीनो युवक हड़बड़ाए और तलाशी के दौरान उनके पास से 2 किलो गांजा बरामद किया गया जोकि अलग अलग पैकेट में पैक था। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ में उन्होंने अपना गुनाह कबूल किया। आरोपियों में एक नाबालिग के साथ दो युवक जिसमें छोटेलाल पटेल पिता बाबूलाल उम्र 34 तथा दूसरा सलीम अंसारी पिता अजीज अंसारी उम्र 35 वर्ष के विरुद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध घटित होना पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया । फिलहाल पुलिस अपराध कायम कर गांजा कहा से लेकर आया और कहां बेचने जा रहा था इसकी जांच में जुट गई है।

गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में कटघोरा पुलिस द्वारा निजात कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप नारकोटिक्स एक्ट एवं अवैध कारोबारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है।

## न्याय के मामले में भारत करें दुनिया का मार्गदर्शनःबजरंग मुनि

- संवाददाता -
रामानुजगंज 22 नवंबर 2022 (घटती घटना)

समाजविज्ञानी बजरंग मुनि ने श्रद्धा मर्डर केस के बारे अपना विचार व्यक्त करते हुए कहां की राजस्थान के मुख्यमंत्री ने इस संबंध में कुछ अलग ही तरह का बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इसे हिंदू मुसलमान की नजर से देखना पूरी तरह गलत है। यह तो सामान्य संबंधों का मामला है। इस संबंध में मैं कांग्रेस पार्टी और राजस्थान के मुख्यमंत्री से यह जानना चाहता हूं कि भारत में मुसलमानों की कुल आबादी लगभग 15त्न है। इस प्रकार के लव जिहाद और जघन्य हत्याकांड करने में कुल घटनाओं में लगभग 40त्न मुसलमानों की भागीदारी क्यों है? क्या इसमें कोई कांग्रेस पार्टी का लाभ है। श्रद्धा हत्याकांड एक जघन्य घटना है, इस घटना में कांग्रेस पार्टी को या मुसलमानों को किसी भी प्रकार से समर्थन नहीं करना चाहिए। दूसरा प्रश्न यह खड़ा होता है कि इस जघन्य हत्याकांड के लिए पुलिस को इतना अधिक सक्रिय होने और प्रमाण जुटाने की जरूरत क्यों पड़ रही है? क्या हमारी न्यायिक प्रक्रिया में इतनी कमजोरी आ गई है कि हम ऐसे जघन्य हत्याकांड को सिद्ध करने में भी देश की इतनी शक्ति और धन का अपव्यय करें।



जिस व्यक्ति पर ऐसे जघन्य हत्याकांड करने का आरोप हो उस व्यक्ति के मौलिक अधिकार तो स्वतःनिलंबित मान लेना चाहिए। हम पुलिस को व्यवस्था का अंग क्यों नहीं मानते हैं। जिस व्यक्ति पर आरोप है उसे ही न्यायालय अपने को निर्दोष प्रमाणित करने की जिम्मेदारी क्यों नहीं देता? इस प्रकार के जघन्य मामलों में इतनी नाटकबाजी करना कितना जनहित में है और कितना न्याय के पक्ष में? यह समझ में नहीं आ रहा है। महीनों से देश भर का मीडिया लगा हुआ है। जिस आदमी को तत्काल फांसी होनी चाहिए, उस मामले में इतनी सतर्कता और सावधानी बरतने की जरूरत क्या है? मैं नहीं कहता कि पुलिस बिना न्यायिक प्रक्रिया के उसे दंड दे दे या गोली मार दे। लेकिन न्याय के नाम पर इतना नाटकबाजी करना भी उचित नहीं है।

मेरा यह मत है कि कांग्रेस पार्टी और भारत के मुसलमानों को इस संबंध में गंभीरता से सोचना चाहिए। क्योंकि लगातार हम सबके मन में सांप्रदायिक संदेह पैदा हो रहा है। न्यायपालिका को भी अपनी प्रक्रिया में सुधार करने की जरूरत है। हम दुनिया की आंख बंद करके नकल करें, इसकी अपेक्षा क्या यह उचित नहीं होगा कि हम न्याय के मामले में दुनिया का मार्गदर्शन करें।

## शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण संपन्न

- संवाददाता -
प्रतापपुर, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय में शासन की महती योजना निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण अंतर्गत कक्षा नवमी के पात्र 195 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शासन की योजना के तहत निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण अंतर्गत कक्षा नवमी के छात्राओं को जिला मंत्री प्रतिनिधि कुमार सिंह देव शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बनवारीलाल गुप्ता ने साइकिल वितरित किया। जिससे छात्राएं अत्यधिक खुश एवं उत्साहित नजर आए।कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का छात्र छात्रों ने स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया।साथ ही संस्था के प्राचार्य भरत नाथ ने निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा की संस्था में दूर दराज गांवों की बालिकाएं अध्ययन करने आती है उन्हें अब स्कूल आने जाने में सहूलियत होगी।अब उन्हें स्कूल आने -जाने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी।

## जन चौपाल में नल-जल योजना का लाभ दिलाने,मजदूरी भुगतान में देरी,अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं देने पर सरपंच-सचिव की हुई शिकायत

- संवाददाता -
कोरबा, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



जन चौपाल में करतला जनपद के बरपाली डोंगरी भांठा मोहल्ला की महिलाओं ने नल-जल योजना का लाभ दिलाने की कलेक्टर संजीव झा से गुहार लगायी तो समूह की महिलाओं ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए गए कार्य का मजदूरी भुगतान में देरी की शिकायत की। वही इसी तरह ग्राम पंचायत बरपाली के ही आदिवासी मछुआ सहकारी समिति ने मछली बीज आपूर्ति के लिए सरपंच श्रीमती सुमित्रा बिंझवार,सचिव श्रीमती उमा कला जांगड़े के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं देने पर ग्रामीणों ने शिकायत की। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को बारी-बारी सुना। वही डोंगरी भांठा बरपाली के शारदा महंत,संतोष दास,लक्ष्मी नारायण,तीजराम ने पीने के पानी की समस्या बताते हुए नल-जल योजना का लाभ देने की मांग की। सरपंच व सचिव के जानबूझकर उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाया। सखी सहेली स्व सहायता समूह बरपाली के अध्यक्ष गिरजा सारथी,कृष्णो बाई,प्रमिला ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए कार्यों का मजदूरी नहीं मिलना बताया। वही उन्हें मजदूरी देने के बजाय गुमराह कर घुमाया जा रहा है। वहीं इसके प्रतिलिपि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन,कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा,मत्स्य पालन विभाग कोरबा व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करतला को भी शिकायत की गई है।

## पुलिस द्वारा 10,200 से अधिक किरायेदारों, निवासरत माइन्स/प्लांट के कर्मचारियों और फेरी वालों की गई जांच,बड़ी संख्या में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई



- संवाददाता -
कोरबा, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा संपूर्ण जिले में अभियान के तहत रैंडम तरीके से चुने हुए किरायेदारों, काम करने वाले कामगारों और फेरी लगाने वाले के सत्यापन हेतु समस्त थाना चौकी प्रभारियों को अभियान चलाकर सत्यापन करने हेतु निर्देश दिए गए है। निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा विश्व दीपक त्रिपाठी एवं एसडीओपी कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी के पर्यवेक्षण में सभी थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में निवासरत किरायेदारों, कर्मचारियों आदि की चेकिंग की गई। इस दौरान लगभग 10 हजार से अधिक लोग चेक किए गए जिनमें किरायेदारों के साथ मजदूरों की संख्या करीब 6 हजार थी, जो अन्य स्थानों से आकर जिले में विभिन्न संस्थानों में काम कर रहे है। शेष 4 हजार किराएदार नौकरीपेशा अन्य व्यावसायिक कार्यों में लगे हुए लोग चेक किए गए। साथ ही 101 संदिग्ध लोगों के विरुद्ध धारा 109 सीआरपीसी के अंतर्गत कार्यवाही किया गया है। बहुतों से जवाब तलब किया गया है। किरायेदारों व कार्यरत लोगों से पहचान सत्यापन संबंधी दस्तावेज प्राप्त कर थाना/चौकियों में फाइल तैयार कर रखा गया है। मकान मालिकों को निर्देश दिया गया है कि किराया पर मकान देने के पहले किराएदार के बारे में समुचित जांच परख करने के पश्चात ही किराया पर रखें एवं किराए पर मकान देने की सूचना संबंधित पुलिस थाने में आवश्यक रूप से दिया जाए। ऐसे ही निर्देश रोजगार नियोक्ताओं को भी जारी किया गया है। गौरतलब है कि महानगरों की तर्ज पर कई स्थानों पर बाहरी अपराधी आकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं। जिले में इस तरह की घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है, जिसे रोकने हेतु यह कवायद की जा रही है। किरायेदारों, कामगारों और फेरी वालों की चेकिंग अभी जारी है।

## लुटेरों ने सुरक्षाकर्मियों को डरा-धमकाकर बंधक बनाकर लूट ले गए कई टन तांबा

- संवाददाता -
कोरबा, 22 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



कुसमुंडा व गेवरा-दीपका क्षेत्र के कोयला खदान में डीजल चोरी के लिए मशहूर राजा खान का गिरोह अब पावर प्लांटों में धावा बोलकर दुस्साहसिक तरीके से वारदात को अंजाम देने लगा है। देर रात्रि करीब 12ः15 बजे गिरोह द्वारा 200 मेगावाट सीएसईबी पावर प्लांट के बंद गेट को बलपूर्वक तोड़कर अंदर घुस गए द्ध जहां प्लांट के मेटल रुम में सुरक्षा व्यवस्था मौजूद होने के बावजूद वहां तैनात 3 सुरक्षाकर्मी रामाशीष निषाद, सालिकराम एवं कैलाश नाथ जायसवाल जिनकी ड्युटी थी, उन्हें हथियार दिखाकर डरा धमकाकर बंधक बना लिया गया। आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने,जिनके हाथों में हथियार थे, उन्होंने मेटल रूम का ताला तोड़कर रुम में रखे तांबा के पट्टी, पाईप, केबल वायर एवं ब्रास का गरारी, कॉपर का बंडल सहित करीब 6-7 टन तांबा को चोरी कर ले गए। बदमाशों के चंगुल से छूटे तीनो सुरक्षाकर्मी ने घटना के बारे में प्लांट से स्क्रैप मटेरियल निकालने में लगी कंपनी चिनार स्टील सेग्मेंट प्रायव्हेट लिमिटेड के अधिकारियों को सूचना दी।

मिली सूचना के मुताबिक घटना के 1 घंटे बाद वहां कंपनी के अधिकारी पहुंचे फिर वह सुरक्षाकर्मियों को लेकर बदमाशों के भागने वाले रास्ते पर खोजबीन में जुटे। जहां प्लांट के किनारे झाड़ियों में रखे सामान को ढोते कई लोग नजर आए। सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें पकड़ने के लिए दौड़ाया तो चार पहिया व दोपहिया में ज्यादातर बदमाश तांबा लेकर भाग निकले। पैदल सामान ढो रहे तीन लोग रनसिंह, रोशन कुमार, दिलेश्वर पकड़े गए। जिन्हें पुलिस के हवाले किया गया है। वे तीनों नोनबिर्रा निवासी है जो पहले डीजल चोरी में जाते थे। चिनार स्टील सेग्मेंट प्रायव्हेट लिमिटेड के प्रतिनिधि हितेश कांटेर ने बताया कि प्लांट में वारदात के बाद पकड़े गए लोग कुसमुंडा के राजा खान के लिए काम करते हैं। जो उन्हें एक रात के 500-1000 रुपये देता है। राजा खान पूर्व में कोयला खदानों में उनसे डीजल चोरी करवाता था। उक्त काम बंद होने के बाद वह प्लांट व अन्य जगहों पर चोरी करवाने लगा है। पकड़े गए लोगों ने आईटी कॉलेज परिसर में बंद ट्रांसफार्मर के चोरी में भी हाथ होना बताया है। बता दे के चिनार स्टील सेग्मेंट प्रायव्हेट लिमिटेड कंपनी को शहर के 200 मेगावाट सीएसईबी पावर प्लांट के बंद होने के बाद स्क्रैप मटेरियल निकालने का कार्य मिला है। कंपनी अप्रैल 2022 से प्लांट के अंदर स्क्रैप मटेरियल निकालने का कार्य करते हुए तांबा व अन्य कीमती उपकरणों को प्लांट परिसर के मेटल रूम में एकत्रित कर रही है। जहां सुरक्षा के लिए सुरक्षा कर्मियों की 24 घंटे तैनाती है।


**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई–प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है।

जी–नंबरः-34670/5



**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0..../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक निर्मला कुजुर पत्नी अविनाश कुजुर जाति उरांव निवासी ग्राम/नगर गोधनपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम हर्राटिकरा तहसील अम्बिकापुर खसरा क्रमांक 1/15,1/20 रकबा 0.020, 0.010 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा, अनुमति आदेश के प्रति, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 08/12/2022 मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/11/2022 को न्यायालीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(रा0)
अम्बिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202210020700114**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
उदयपुरढ़ाव प.ह.न. 00030 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-फुलो ,
अनावेदक पक्षकार- रामवृक्ष,

**ईश्तहार**

आवेदिका फुलो पुत्री चन्दर निवासी ग्राम उदयपुरढाब तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम उदयपुरढाब स्थित खसरा नंबर 369/2 रकबा 0.429 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश अनावेदक रामवृक्ष आ0 लखन का नाम दर्ज हो गया है जिसे विलोपित कर आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने बावत् आवेदन पत्र श्रीमान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा0 अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 23/12/2022 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/10/2022 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)


CMYK

# न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज पर भारत का कब्जा

## बारिश की वजह से तीसरा मैच हुआ टाई



**मेलबर्न,22 नवम्बर 2022।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला का आज तीसरा टी-20 मैच नेपियर में खेला जा रहा था। हालांकि, आज का मुकाबला बारिश की वजह से टाई कर दिया गया जिसके बाद सीरीज पर भारत का कब्जा हो गया। दरअसल, दूसरे मुकाबले में भारत ने शानदार जीत हासिल की थी। पहला मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था। ऐसे में भारत ने इस श्रृंखला को जीत लिया है। आज के मुकाबले के बाद करें तो न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका पहला विकेट 9 रन के स्कोर पर ही गिर गया था। बीच में डेवोन कॉनवे और ग्लेन फिलिप्स के बीच एक अच्छी साझेदारी हुई जिसकी वजह से न्यूजीलैंड एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाया। न्यूजीलैंड में 10 विकेट के नुकसान पर 19.4 ओवर में 160 रन बनाए थे

भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने 4 विकेट और मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट लिए। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। ईशान किशन 10 और ऋषभ पंत 11 रन बनाकर आउट हो गए। सूर्यकुमार यादव 13 रन के स्कोर पर आउट हुए। जबकि श्रेयस अय्यर आज के मुकाबले में अपना खाता नहीं खोल सके और शून्य पर आउट हुए। जब भारतीय टीम का स्कोर 9 ओवर में 75 रन था तो बारिश की वजह से मैच को रोकना पड़ा। बारिश नहीं रुकी जिसके बाद मैच को टाई करना पड़ा। आज के मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद सिराज को दिया गया जबकि सूर्यकुमार यादव को मैन ऑफ द सीरीज दिया गया।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिये डेवोन कॉनवे (49 गेंद में 59 रन) और ग्लेन फिलिप्स (33 गेंद में 54 रन) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 86 रन की साझेदारी निभायी। लेकिन इसके बाद मेजबान टीम ने महज 30 रन के अंदर अपने आठ विकेट गंवा दिये। न्यूजीलैंड का स्कोर 16वें ओवर में दो विकेट पर 130 रन था लेकिन अर्शदीप (37 रन देकर चार विकेट) और सिराज (17 रन देकर चार विकेट) ने शानदार वापसी करते हुए प्रतिद्वंद्वी टीम को दो गेंद रहते ही समेट दिया। भारत को पहला विकेट अर्शदीप ने दिलाया जब फिन एलेन उनकी फुल लेंथ गेंद पर पगबाधा आउट हुए। एलेन फैसले की समीक्षा करना चाहते थे लेकिन फिर पवेलियन लौट गये। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने तीसरे ओवर में कसी गेंदबाजी की।

## आगामी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में आस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगी एलिसा हीली

**मेलबर्न,22 नवम्बर 2022।** मेग लैनिंग की अनुपलब्धता के कारण क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये मंगलवार को अनुभवी विकेटकीपर एलिसा हीली को 15 सदस्यीय आस्ट्रेलियाई महिला टीम का कप्तान चुना। स्टार आल राउंडर तहलिया मैकग्रा को नौ से 20 दिसंबर तक होने वाली श्रृंखला के लिये उप कप्तान चुना गया है जिसके मैच मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम (पहले दो) और ब्रैबोर्न स्टेडियम (बचे हुए तीन मैच) में खेले जायेंगे।



फ्रीका में होने वाले टी20 विश्व कप के मद्देनजर टीम की तैयारियों के लिये अहम होगा। आस्ट्रेलिया ने अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में तीन बदलाव किये हैं। आस्ट्रेलियाई टीम चार दिसंबर को भारत के लिये रवाना होगी। टीम इस प्रकार है : एलिसा हीली (कप्तान), तहलिया मैकग्रा, डार्सी ब्राउन, निकोला कैरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, ग्रेस हैरिस, जेस जोनासेन, अलांका किंग, फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिसा पैरी, मेगान शट और अनाबेल सदरलैंड।

# क्रिकेट केन्या ने अफ्रीका टी-10 लीग की घोषणा की

**मुंबई ,22 नवम्बर 2022।** दुनियाभर में टी10 प्रारूप की बढ़ती लोकप्रियता के साथ क्रिकेट केन्या ने अफ्रीका में 2023 के मध्य से एक मेगा टी10 लीग शुरू करने की घोषणा की। अफ्रीका में अपनी तरह की पहली और विश्व स्तर पर दूसरी लीग को अफ्रीका टी10 कहा जाएगा और यह जून 2023 में खेली जाएगी।



क्रिकेट केन्या अफ्रीकी क्रिकेट के पूर्ववर्ती बढ़ते पावरहाउस में से एक है। उनके पीछे का उद्देश्य देश को अपने लंबे समय से खोए हुए गौरव को वापस पाने का है। क्रिकेट का सबसे तेज प्रारूप छह-टीम, 34-मैच टूर्नामेंट के लिए निर्धारित है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ वैश्विक खिलाड़ी लीग का हिस्सा होंगे। इस बारे में क्रिकेट केन्या ने एक विज्ञप्ति में जानकारी दी।

क्रिकेट केन्या ने विज्ञप्ति में कहा, अफ्रीका टी10 की प्रत्येक प्लेइंग इलेवन में 1 एसोसिएट खिलाड़ी, 1 अफ्रीकी खिलाड़ी, 2 केन्याई खिलाड़ी और 7 अन्य वैश्विक खिलाड़ी रखने की योजना है। यह अफ्रीका की अपनी ग्लोबल टी10 लीग होगी।

इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए क्रिकेट केन्या के अध्यक्ष मनोज पटेल ने कहा, हम पैसिफिक स्टार स्पोर्ट्स के साथ साझेदारी में एक वैश्विक छोटा प्रारूप, वार्षिक क्रिकेट लीग की अवधारणा को लेकर उत्साहित हैं। विशेष रूप से केन्या क्रिकेट और सामान्य रूप से अफ्रीकी क्रिकेट बहुत अच्छा होगा। हम सभी वैश्विक टी20 सितारों को इसका हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करने के लिए तत्पर हैं और यह संयुक्त अरब अमीरात स्थित टी10 लीग के बाद अपनी तरह का दूसरा टूर्नामेंट होगा।

यह देश में क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण विकास और एक अच्छी पहल है जिसने 1996 में विश्व कप की शुरूआत की और 2003 में आईसीसी वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश और बिग बॉयज लीग के दरवाजे पर दस्तक दी।

## एशियन हैंडबाल चैंपियनशिप के लिये भारतीय महिला टीम कोरिया रवाना

**नई दिल्ली ,22 नवम्बर 2022।** कोरिया के इंचियोन में 24 नवंबर से चार दिसंबर के बीच खेली जाने वाली 19वीं एशियन महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये 19 सदस्यीय भारतीय टीम कोरिया रवाना हो गयी। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ तेजराज सिंह ने भारतीय टीम की घोषणा सोमवार को दिल्ली में की। भारत की सीनियर महिला हैंडबॉल टीम ने इससे पहले काठमांडू (नेपाल) में आयोजित दक्षिण एशियाई गेम्स-2019 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।टीम की रवानगी से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने आवास पर खिलाड़ियों से मुलाकात की ओर चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई, टीम कोरिया में भी देश का परचम लहराएगी। हम इस टीम को अपनी पूरी शुभकामनाएं देते है और जो भी संभव होगा वो सुविधाएं दिलाने का प्रयास करेंगे। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि इस चैंपियनशिप की तैयारी के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर उत्तर प्रदेश में अयोध्या के भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में गत 31 अक्टूबर से 20 नवंबर तक आयोजित किया गया था, जिसमें 32 संभावित खिलाड़ी शामिल थे। उन्होंने कहा, इस शिविर में प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को कड़ा अभ्यास कराया और खासकर खेल की तकनीक, इंडयोरेंस, स्टेमिना और गति में सुधार के लिए विशेष मेहनत की गई। मुझे उम्मीद है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और देश का नाम ऊंचा करेंगी। चयनित भारतीय महिला हैंडबॉल टीम इस प्रकार है- ज्योति शुक्ला, नीना शील, मेनका, सुषमा (सभी भारतीय रेलवे) दीक्षा कुमारी, निधि शर्मा, शालिनी ठाकुर, भावना, प्रियंका ठाकुर (सभी हिमाचल प्रदेश) मनदीप कौर, मनिंदर कौर, बनिता शर्मा, राजवंत कौर सभी (पंजाब) रिंपी, आशारानी, प्रियंका, सोनिका (सभी हरियाणा) तेजस्विनी सिंह (उत्तर प्रदेश) सदा राठौड़ (राजस्थान)

टीम कोच- सचिन चौधरी, कार्तिकेयन मदनगुरुस्वामी, मनीषा, संध्या

टीम मैनेजर- डॉ तेजराज सिंह

दल प्रमुख- डॉ आनन्देश्वर पाण्डेय

# स्पेन की युवा टीम को आज देनी होगी कोस्टारिका के खिलाफ कड़ी परीक्षा

**दोहा ,22 नवम्बर 2022।** स्पेन फीफा विश्वकप में अपने दूसरे खिताब की कवायद में बुधवार को जब कोस्टारिका का सामना करेगा तो इस टूर्नामेंट में उसके लिए नए युग की शुरुआत भी होगी क्योंकि उसकी टीम में अधिकतर युवा खिलाड़ी शामिल हैं। स्पेन की इस नई टीम की अगुवाई लगातार दो गोल्डन ब्वॉय पुरस्कार विजेता पेड्री और गावी करेंगे। इन खिलाड़ियों की कोस्टारिका की अनुभवी टीम के सामने कड़ी परीक्षा होगी। कोस्टारिका ने अपनी टीम में कुछ उन खिलाड़ियों को शामिल किया है जिन्होंने उसे आठ साल पहले क्वार्टर फाइनल में पहुंचाने में मदद की थी। कोस्टारिका को उम्मीद है कि वह ब्राजील में आठ साल पहले खेले गए विश्वकप की सफलता को दोहराने में सफल रहेगा और चार साल पहले रूस में मिली निराशा से बचना चाहेगा। तब कोस्टारिका की टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई थी और पहले दौर में ही बाहर हो गई थी। स्पेन भी 2018 के टूर्नामेंट की पुनरावृति से बचना चाहेगा जब उसे मेजबान रूस ने अंतिम 16 से आगे नहीं बढ़ने दिया था। पिछले विश्वकप में भाग लेने वाले कई दिग्गज खिलाड़ी अब टीम में नहीं हैं। इनमें सर्जियो रामोस, गेरार्ड पिके, एंड्रेस इनिएस्ता और डेविड सिल्वा शामिल हैं।



इसके बजाय कोच लुइस एनरिक ने 19 वर्षीय पेड्री, 20 वर्षीय अनु फती और निको विलियम्स तथा स्पेन के सबसे युवा गोल स्कोरर 18 वर्षीय गावी पर दांव लगाया है। पेड्री ने कहा कि मुझे लगता है पूरी टीम अपनी जिम्मेदारी समझती है और उसे निभाती है। मैं यह सोचकर खुद को राष्ट्रीय टीम का स्टार नहीं मानता क्योंकि दोहा में एक बड़े बोर्ड पर मेरी तस्वीर लगी है। मैं केवल खेल पर ध्यान दे रहा हूं और सही मानसिकता में रहना चाहता हूं तथा कोच मुझसे जो भी अपेक्षा रखते हैं उसे पूरी करना चाहता हूं। विश्व कप में खेलने वाली सबसे युवा टीम में स्पेन का नंबर अमेरिका और घाना के बाद तीसरा है।

उसकी टीम की कुल औसत आयु 25.3 वर्ष है। उसकी टीम में छह खिलाड़ी ऐसे हैं जिनकी उम्र 20 वर्ष या इससे कम है और वे अपने पहले विश्वकप में खेल रहे हैं। लगातार तीसरे विश्वकप में खेल रहे कोस्टारिका ने अपनी टीम में 2014 में क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से पेनल्टी शूटआउट में हारने वाली टीम के कुछ खिलाड़ी रखे हैं। इनमें से रियाल मैड्रिड के पूर्व गोलकीपर कीलर नवास तथा विलारियाल और रियल बेटिस की तरफ से खेलने वाले स्ट्राइकर जोल कैंपबेल भी शामिल हैं।

# फीफा वर्ल्ड कप 2022 के लिए पीले और लाल कार्ड

**दोहा ,22 नवम्बर 2022।** फीफा वर्ल्ड कप के शुरू होने से फुटबॉल प्रेमियों का इंजतार खत्म हो गया है। दुनिया के सबसे बड़े स्पोर्ट्स इवेंट में से एक फीफा विश्व कप 2022 में मैच के दौरान खिलाड़ी कोई गलती ना करें इसके लिए कुछ खास नियम भी बनाए जाते है।

बता दें कि फुटबॉल मैच के लिए हर टीम में कुल 11-11 खिलाड़ी होते है। खेल में दोनों टीमों के पास अपने गोल पोस्ट की रक्षा के लिए एक गोल कीपर होता है। फुटबॉल में विरोधी टीमें बार बार गोलपोस्ट में गोल करने की कोशिश करती है, जबकि गोलकीपर इसे रोकने की कोशिश करते है। फुटबॉल का एक मैच कुल 90 मिनट का होता है। इस 90 मिनट के मैच को 45-45 मिनट के दो हिस्सों में बांटा जाता है। हालांकि कई बार खेल 90 मिनट से अधिक समय के लिए भी खेला जाता है, जिसके लिए कई कारण हो सकते है।

दिया जाता है रेड और येलो कार्ड

मैच के दौरान खिलाड़ियों को कई नियमों का पालन करना होता है। फुटबॉल में रेड और येलो कार्ड के जरिए नियमों का पालन किया जाता है। फाउल होने पर नियमों के तहत ये कार्ड दिए जाते है। इसके अलावा अगर फाउल होता है को ऑफसाइड का पालन होता है। ऑफसाइड में खिलाड़ी गेंद का बचाव किए बिना दूसरे खिलाड़ी के आगे नहीं जा सकता है। अगर विपक्षी टीम के गोल रेखा के पास कोई खिलाड़ी ऐसा करता है तो इसे फाउल माना जाता है।



इसके अलावा रेड और येलो कार्ड भी खिलाड़ी को फाउल करने पर दिया जाता है। फीफा में एक येलो कार्ड दिया जाता है। अगर खिलाड़ी को रेफरी कोई गलत व्यवहार करते हुए देखता है तो खिलाड़ी को येलो कार्ड दे सकता है। येलो कार्ड मिलने के बाद खिलाड़ी को मैदान से बाहर बैठना होता है। ऐसे में येलो कार्ड मिलना किसी भी टीम के लिए काफी नुकसानदायक हो सकता है। दरअसल अगर किसी खिलाड़ी को येलो कार्ड मिला है तो उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को मैदान में जाने की इजाजत नहीं होती है यानी टीम एक खिलाड़ी की कमी के साथ मैच खेलती है।

वहीं रेड कार्ड भी गलत व्यवहार के लिए खिलाड़ी को दिया जाता है। अगर किली खिलाड़ी को एक लाल कार्ड मिलता है तो वो अगले मैच से भी बाहर हो जाता है। इसके अलावा कई मामलों में फीफा कार्ड मिलने वाले खिलाड़ियों पर अतिरिक्त जुर्माना भी लगाती है। बता दें कि फुटबॉल के नियमों के मुताबिक किसी टीम को 5 रेड कार्ड दिखाए जाएं तो मैच खत्म हो जाता है। फुटबॉल का कोई भी मैच सात खिलाड़ियों से कम के साथ नहीं खेला जा सकता है।

# भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय अभियान की अगुआई करेंगी मीराबाई,चोटिल जेरेमी बाहर

**नई दिल्ली ,22 नवम्बर 2022।** जेरेमी लालरिनुंगा चोटिल होने के कारण अगले महीने होने वाली 2022 भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं ले पायेंगे जिसमें भारत की चार सदस्यीय टीम की अगुआई ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू करेंगी। भारत के पहले युवा ओलंपिक चैम्पियन जेरेमी जुलाई में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक विजयी अभियान के दौरान चोटिल हो गये थे। मिजोरम का यह 20 साल का खिलाड़ी जांघ और हैमस्ट्रिंग चोट से उबर नहीं सका है। वह अक्टूबर में एशियाई चैम्पियनशिप में भी नहीं खेल पाया था। भारतीय मुख्य कोच विजय शर्मा ने पीटीआई से कहा, ''जेरेमी अब भी राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान लगी चोट से उबर रहे हैं इसलिये वह इस विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे।'' शर्मा ने कहा, ''राष्ट्रमंडल खेलों की टीम के कई भारोत्तोलक चोटों से उबर रहे हैं इसलिये हमने चार फिट भारोत्तोलकों को चुना है।'' राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता संकेत सागर को कोहनी की चोट लग गयी थी जिसकी तभी सर्जरी करायी गयी थी, वह भी पांच से 16 दिसंबर तक कोलंबिया के बोगोटा में होने वाली चैम्पियनशिप में नहीं खेल पायेंगे। पूर्व विश्व चैम्पियन चानू राष्ट्रमंडल खेलों में अपना तीसरा पदक और दूसरा स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार खेलेंगी। चार सदस्यीय टीम में 73 किग्रा के राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन अचिंता शेयुली, रजत पदक विजेता बिंदियारानी देवी और कांस्य पदक विजेता गुरदीप सिंह शामिल हैं। ये चारों भारोत्तोलक इस समय कोच शर्मा के साथ अमेरिका के सेंट लुई में हैं। भारतीय दल एक दिसंबर को बोगोटा के लिये रवाना होगा। विश्व चैम्पियनशिप 2024 पेरिस ओलंपिक के लिये पहला क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है।



## नागा शौर्य गर्लफ्रेंड अनुषा शेट्टी से शादी के बंधन में बंधे

लोकप्रिय तेलुगू अभिनेता नागा शौर्य ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लंबे समय की अपनी प्रेमिका और इंटीरियर डिजाइनर अनुषा एन. शेट्टी को मंगलसूत्र बांधते हुए एक तस्वीर साझा की। वे रविवार को बेंगलुरु के एक होटल में एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंध गए।


सोशल मीडिया पर दोनों की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन और शादी समारोह की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रही हैं।तस्वीर में कपल शादी के पारंपरिक परिधान में बेहद खूबसूरत लग रहा था। अभिनेता ने कैप्शन में लिखा है, इंट्रोड्यूसिंग माय लाइफटाइम रिस्पॉन्सिबिलिटी। जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, उनके प्रशंसकों और दोस्तों से युगल के लिए बधाई संदेशों का तांता लग गया।

उनका प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन 19 नवंबर को हुआ जिसमें मेहंदी सेरेमनी और कॉकटेल पार्टी शामिल थी। तस्वीरों में नागा को नीले रंग का कुर्ता पहना हुआ देखा जा सकता है, जबकि अनुषा ने फूलों की कढ़ाई वाला लहंगा पहना था।

शादी समारोह के लिए उन्होंने धोती के साथ सफेद कुर्ता पहना था और अनुषा को ट्रेडिशनल स्टाइल में गोल्डन कढ़ाई वाली साड़ी, हैवी ज्वेलरी और बालों में गजरा पहने देखा जा सकता है। वे उद्योग मित्रों और परिवार के सदस्यों के लिए एक रिसेप्शन का आयोजन करेंगे।

नागा को हाल ही में कृष्णा वृंदा विहारी में देखा गया था। वह अगली बार एक एक्शन एंटरटेनर रंगबली में दिखाई देंगे, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है।

## थाई हाई स्लिट ड्रेस में सनी लियोन ने ढाया कहर




बॉलीवुड की बेबी डॉल एक्ट्रेस सनी लियोन अपने ग्लैमरस अंदाज से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाना बखूबी जानती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, सनी लियोन ने सोशल मीडिया पर एक बार फिर स्काई ब्लू की शिमरी आउटफिट में अपनी हॉट तस्वीरें शेयर की हैं। जिन्हें देखकर फैंस उन पर अपना प्यार लुटा रहे हैं. एक्ट्रेस सनी लियोन अपनी हॉटनेस का जलवा सोशल मीडिया पर बिखेरती रहती हैं। उनकी एक झलक के लिए फैंस दीवाने बने रहते हैं। शिमरी स्काई ब्लू थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस सनी लियोन गजब की बला नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस सनी लियोन इस आउटफिट में अपनी टोंड लेग्स और क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही हैं। न्यूड मेकअप और ओपन हेयर अप्सरा सी नजर आ रही हैं।






## कहानी के बारे में और सुराग देता है भेड़िया का स्पेशल ट्रेलर

वरुण धवन और कृति सेनन अभिनीत फिल्म भेड़िया की रिलीज से पहले फिल्म के निर्माताओं ने शनिवार को फिल्म का एक विशेष प्री-रिलीज ट्रेलर जारी किया है। 1 मिनट और 30 सेकेंड के इस विशेष वीडियो में फिल्म की और भी कई बारीकियां हैं। यह लिटिल रेड राइडिंग हूड की कथा से भी सूक्ष्म संदर्भ लेता है।




अपने पूर्ववर्ती की तरह, विशेष ट्रेलर में भी अच्छी इमेजरी, वीएफएक्स और रंगों का दावा किया गया है, जिसमें वरुण धवन टिट्युलर किरदार में डैशिंग दिख रहे हैं। यह एक विद्रोही समूह को सड़कों पर बेतहाशा घूमते हुए भी दिखाता है। प्राचीन अरुणाचली लोककथाओं पर आधारित यह फिल्म एक साधारण व्यक्ति भास्कर की कहानी बताती है, जो पौराणिक जानवर द्वारा काटे जाने के बाद भेड़िये में बदलना शुरू कर देता है। जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान द्वारा प्रस्तुत, भेड़िया एक मैडॉक फिल्म्स प्रोडक्शन है, जो अमर कौशिक द्वारा निर्देशित और दिनेश विजान द्वारा निर्मित है। फिल्म, जिसमें दीपक डोबरियाल और अभिषेक बनर्जी भी हैं, 25 नवंबर, 2022 को 2डी और 3डी में हिंदी, तेलुगु और तमिल में पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।












CMYK

# बलरामपुर के सहायक खनिज अधिकारी गिरफ्तार




### अब भी कई अफसर ईडी की रडार पर

**रायपुर/बलरामपुर,22नवम्बर 2022 (ए)।** छत्तीसगढ़ में कोयले की अवैध वसूली को छापेमारी कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बलरामपुर के सहायक खनिज अधिकारी अवधेश बारीक को हिरासत में ले लिया है। ईडी टीम सहायक खनिज अधिकारी अवधेश बारीक को लेकर रायपुर के लिए देर रवाना हो गई। संभवत आज उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग और कोयले के डीओ जारी करने पर अवैध वसूली मामले में की गई है। इससे पहले अफसर बारीक से घंटों पूछताछ की गई। बता दें कि अवधेश बारीक इसके पहले रायगढ़ में सहायक खनिज अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। वे कुछ माह पूर्व ही रायगढ़ से स्थानांतरित होकर बलरामपुर आए हैं। ईडी की टीम ने उनसे पूछताछ के साथ ही दस्तावेजों की भी पड़ताल की।

## बढ़ सकती है रानू साहू की मुश्किलें

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा रायगढ से जुड़े अधिकारियों पर सख्ती के बाद कलेक्टर रानू साहू की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। रायगढ़ की कलेक्टर रानू साहू के दफ्तर निवास पर ईडी की टीम ने छापेमारी की थी और खनिज शाखा पहुंचकर दस्तावेज भी जब्त किया था।

18 अक्तूबर को ईडी की टीम ने रायगढ़ कलेक्टर रानू साहू के मायके गरियाबंद के पाण्डुका में उनकी मां जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू व चचेरे भाई शैलेंद्र साहू के घर छापा मारा था। साथ ही चिप्स के दफ्तर में भी दबिश दी थी।

जिस अवधि में रायगढ़ में अवैध वसूली हुई थी, उस समयावधि में सहायक खनिज अधिकारी अवधेश बारीक वहीं पदस्थ थे। ईडी द्वारा मुख्य रूप से रायगढ़, कोरबा के साथ सूरजपुर जिले में डीओ जारी करने वाले अधिकारियों की जांच हो रही है।

सूरजपुर से स्थानांतरित होकर धमतरी के पदस्थ सहायक खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा से भी घंटों पूछताछ की थी। बजरंग पैकरा के अंबिकापुर स्थित आवास पर भी आईटी की टीम ने पूर्व में दबिश दी थी, लेकिन तबादले के कारण वे अपना आवास खाली कर चुके थे।




## रिटायर्ड कर्मियों की सेवाएं लेगा वन विभाग

**संविदा नियुक्ति के लिए जारी किया गया फरमान**

**रायपुर ,22 नवम्बर 2022(ए)।** वन विभाग अमले की कमी से जूझ रहा है। यही वजह है कि दूसरे विभागों से इतर इस विभाग में संविदा पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है। पीसीसीएफ द्वारा समस्त मुख्य वन संरक्षकों को पत्र लिखकर बल की कमी से हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए संबंधित वन मंडलों में अनुभव रखने वाले सेवानिवृत्त रेंजर, डिप्टी रेंजर और फारेस्ट गार्ड के चयन के लिए समिति बनाने को कहा गया है। साथ ही 15 दिनों के भीतर यह प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है।

### छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग को एस.डी.जी. के क्रियान्वयन के लिए मिला

## प्रतिष्ठित 'स्कोच आर्डर ऑफ मेरिट'पुरस्कार




**रायपुर,22 नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य में सतत विकास लक्ष्य के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग को गवर्नेंस के क्षेत्र में प्रतिष्ठित स्कोच आर्डर ऑफ मेरिट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार वर्चुअल समारोह में आज राज्य योजना आयोग के सदस्य सचिव अनूप कुमार श्रीवास्तव को प्रदान किया गया।

राज्य योजना आयोग को यह पुरस्कार सतत विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.) के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। इस अवसर पर डॉ. के. सुब्रमणियम, सदस्य राज्य योजना आयोग तथा डॉ. नीतू गौरडिया, संयुक्त संचालक, राज्य योजना आयोग भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि इस पुरस्कार एवं सम्मान का महत्त्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि यह पूरा कार्य कोरोना काल की विषम परिस्थियों के बीच छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग द्वारा अत्यंत कुशलता से किया गया। इस अवधि में जब सारे शासकीय कार्य अपने न्यूनतम संसाधनों के साथ कार्य कर रहे थे, तब राज्य योजना आयोग द्वारा अत्यंत प्रभावी रूप सीमित संसाधनों के साथ राज्य स्तर पर सतत विकास लक्ष्य के मॉनिटरिंग हेतु एस.डी.जी, स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क, एस.डी.जी. बेसलाइन एवं प्रोग्रेस रिपोर्ट एवं जिला स्तर पर मोनिटरिंग हेतु एस.डी.जी. डिस्ट्रिक्ट इंडीकेटर्स फ्रेमवर्क तैयार किया गया, इसकी सराहना नीति आयोग, नई दिल्ली एवं यूनिसेफ द्वारा भी की गई है।

स्कोच अवार्ड एक स्वतंत्र संगठन द्वारा प्रदत्त देश का प्रमुख सम्मान हैं, जो ऐसे व्यक्ति, परियोजनाओं और संस्थानों की पहचान करता है जो भारत को एक बेहतर राष्ट बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हैं। डिजिटल, वित्तीय, गवनेंस और सामाजिक समावेश के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रयासों को शामिल किया जाता है।




## कृषि विकास अधिकारियों को मिला प्रमोशन

**डायरेक्टर ने जारी की लिस्ट**

**रायपुर,22 नवम्बर 2022(ए)।** कृषि विकास अधिकारियों को आखिरकार लंबे संघर्ष के बाद प्रमोशन मिल ही गया है। डायरेक्टर कृषि डॉ. अय्याज तंबोली ने प्रमोशन ऑर्डर के साथ नई पोस्टिंग की एक लिस्ट जारी की है।

## पहले आईजी इंट फिर जिला आईजी का लिए चार्ज

**» आईपीएस अजय यादव गुप्तवार्ता का प्रभार लेकर सीधे पहुंचे रायपुर जिला आईजी का कार्यभार लेने**

**» अब से रायपुर रेंज में दो आईजी के जिम्मे होगा रायपुर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद और बलौदा बाार-भाटापारा**



**रायपुर,22 नवम्बर 2022(ए)।** रायपुर पुलिस रेंज को बेहतर पुलिसिंग के लिए दो पुलिस महानिरीक्षक की सौगात शासन ने दी है। रायपुर जिला छोड़कर रायपुर पुलिस रेंज के अन्य 4 जिलों धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा का आईजी आरिफ एच शेख को बनाया गया है। उन्होंने सोमवार को शंकर नगर स्थित पुराने आईजी रेंज कार्यालय में जिम्मा सम्हाल लिया था। इसी तरह आज मंगलवार को आईजी गुप्तवार्ता के साथ ही रायपुर जिला के आईजी के तौर पर अजय यादव ने भी चार्ज लिया।

सुबह उन्होंने सबसे पहले आईजी गुप्तवार्ता का कार्यभार ग्रहण किया। सादी वर्दी में गुप्तवार्ता कार्यालय में औपचारिक तौर पर काम सम्हाला। इसके बाद मंगलवार को दोपहर 1 बजे सेन्ट्रल कमांड सेंटर सिविल लाइन स्थित सी -4 में रायपुर आईजी का पदभार ग्रहण किया।

चार्ज लेने पहुंचे अजय यादव वर्दी पहनकर पहुंचे। गार्ड ऑफ़ ऑनर के पश्चात् उन्होंने सलामी लिया और मातहत अधिकारीयों, स्टाफ के आलावा मिडिया के सामने चार्ज लिया। मौके पर उनकी अगुवानी के लिए आईजी रायपुर रेंज आरिफ एच शेख, एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के अलावा पीए टू आईजी संजय चंद्राकर समेत रायपुर के एएसपी, सीएसपी और आईजी स्टाफ बुके लेकर पहुंचे थे। चार्ज लेने के बाद आईजी कहा अपराध जरूर। रायपुर पुलिस ने समय समय पर इस चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया है। टीम वर्क और काबिल अधिकारीयों के साथ मिलकर इस चुनौती से निपटा जायेगा। चार्ज लेते ही आईजी यादव ने एसएसपी प्रशांत अग्रवाल, एएसपी क्राइम अभिषेक माहेश्वरी, समेत एएसपी सिटी संग मंत्रणा भी किये।

# छत्तीसगढ़ की आबादी में 41 प्रतिशत लोग ओबीसी

**आदिवासी बहुल अधिसूचित क्षेत्रों में 30 से 35 प्रतिशत,क्वांटिफायबल डाटा आयोग ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट**




**रायपुर,22 नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ में आरक्षण को लेकर गठित सेवानिवृत्त जिला जज छविलाल पटेल की अध्यक्षता में बने क्वांटिफायबल डाटा आयोग ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। आयोग ने सर्वेक्षण में पाया है कि प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग-ओबीसी की आबादी 41 प्रतिशत है।

वहीं सामान्य वर्ग के गरीबों की कुल संख्या आबादी के 3 प्रतिशत तक पाई गई है। जनगणना में ओबीसी का अलग से वर्गीकरण नहीं होने से यह संख्या अभी तक अनुमानों पर आधारित थी। माना जाता था कि प्रदेश में ओबीसी वर्ग की आबादी 52 प्रतिशत से 54 प्रतिशत तक है। हालांकि सरकार ने अभी आयोग की रिपोर्ट के तथ्यों को सार्वजनिक नहीं किया है।

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है, छत्तीसगढ़ की आबादी दो करोड़ 94 लाख अनुमानित है। पिछले दो साल तक ऐप और वेबसाइट के माध्यम से सर्वेक्षण के बाद क्वांटिफायबल डाटा आयोग ने एक करोड़ 20 लाख से कुछ अधिक लोगों का आंकड़ा जुटा लिया है।

ये लोग अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल जातियों से आते हैं। इस मान से यह आंकड़ा केवल 41 प्रतिशत होता है। बताया जा रहा है, दुर्ग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक 72 प्रतिशत आबादी पिछड़ा वर्ग की है।

प्रदेश के आदिवासी बहुल अधिसूचित क्षेत्रों में पिछड़ा वर्ग की आबादी 30-35 प्रतिशत ही बताई जा रही है। सरकार इस रिपोर्ट को 24 नवम्बर को प्रस्तावित राज्य कैबिनेट की बैठक में चर्चा के लिए लाएगी। वहां से मंजूरी मिली तो इसे विधानसभा के पटल पर भी रखा जाएगा।

# भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची



### सीएम बघेल, समेत ये हैं शामिल

**रायपुर,22 नवम्बर 2022 (ए)।** भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को जगह मिली है। कांग्रेस की ओर से जारी स्टार प्रचारकों की सूची में 37 नेताओं के नाम शामिल हैं। भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट पर 5 दिसंबर को मतदान होना है।

### माथुर,नबीन, शिवप्रकाश, जामवाल भाजपा के स्टार प्रचारक

भानुप्रतापपुर उपचुनाव को लेकर भाजपा ने दिग्गज नेताओं को चुनाव प्रबंधन के मोर्चे पर उतारा है। भाजपा ने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को चुनाव प्रभारी बनाया है। उनके साथ पूर्व सांसद रामविचार नेताम, विधायक शिवरतन शर्मा और मोतीलाल साहू को सह प्रभारी बनाया है। इसके साथ ही भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी की है।

गौरतलब है कि, छत्तीसगढ़ की भानुप्रतापपुर सहित ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार में चुनाव होगा। इन सीटों पर 5 दिसंबर को मतदान होगा। वही 8 दिसंबर को मतगणना होगी।

आपको बता दें छत्तीसगढ़ में भानुप्रतापपुर से विधायक और विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज मंडावी की पिछले दिनों हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई थी जिसके बाद से यह सीट खाली है।

बता दें कि ओडिशा, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ की एक-एक विधानसभा सीट और यूपी के मैनपुरी लोकसभा सीट पर 5 दिसंबर को वोटिंग होगी। ओडिशा की पदमपुर, राजस्थान की सरदारशहर, बिहार की कुरहनी, छत्तीसगढ़ की भानुप्रतापपुर (एसटी आरक्षित) और यूपी की रामपुर सीट पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया गया है।

# 45 लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश



**महासमुंद ,22 नवम्बर 2022(ए)।** शहर के नयापारा व ग्राम पंचायत सिंघी के लोगों ने कांग्रेस की नीतियों व क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कांग्रेस प्रवेश करने वालों का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। आज मंगलवार को रविसिंह ठाकुर के नेतृत्व में नयापारा से किशन बरिहा, भीष्मदेव खुंटे, देवलाल आवड़े, ओमीन धीवर, सावित्री बरिहा, पुन्नी ध्रुव, पुनौतिन यादव, टिकेश्वरी निषाद, नीरा ध्रुव, प्रिया महंती, बिंदाबाई निषाद, गुलमत मांडले, गीतांजलि महंती, प्रमोद सोना, दिपेश, रूपेश, शशिभूषण खुंटे, शुभम साहू, होमेंद्र सेन, शोभाराम साहू, गोपाल निषाद, विमल मानिकपुरी आदि संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान मुहल्लेवासियों ने कांग्रेस प्रवेश किया जिन्हें गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत सिंघी से राहुल कुमार साहू, उमाशंकर चक्रधारी, हेमंत देवांगन, दुवन ध्रुव, आनंद बरिहा, खोमेंद्र साहू, कृष्णकुमार साहू, जीतराम साहू, रोहित यादव, कुसूराम साहू, ओमदेव साहू, मुकेश साहू, उब्बल साहू, प्रितम, योगेश ध्रुव, दुर्गेश बरिहा, ममता साहू, मालती चक्रधारी, नागेश्वरी साहू, ईश्वरी साहू, रतना साहू, धनेश्वरी साहू व हीना साहू ने कांग्रेस प्रवेश किया। इस दौरान प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, विजय साव, हर्ष शर्मा, रेखराज पटेल आदि मौजूद रहे।



## ऑयल मिल फैक्ट्री में भीषण आग से भगदड़

**रायपुर ,22 नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक ऑयल मिल में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी जिसका धुआं दूर-दूर तक फैलने लगा। आग लगने की सूचना फैक्ट्री के कर्मचारियों ने अधिकारियों को दी। जिसके बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंचकर बड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफल रही। मामला जिले के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है।

यहां इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित शिवांगी ऑयल मिल फैक्ट्री में दोपहर अचानक आग लगने की खबर से हड़कंप मच गया। आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस हादसे में किसी के घायल होने की खबर सामने नहीं आई है। फैक्ट्री के अंदर काम करने वाले सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। अफसरों के मुताबिक, मिल में प्रोसेसिंग का काम होता है। आग लगने के कारण लाखों का नुकसान हुआ है।

सुरक्षित निकाले गए कर्मचारी सिरगिट्टी थाना प्रभारी पौरुष पुर्रे ने बताया की आग मिल के बॉयलर के पास लगी है। उन्होंने कहा कि आग किस कारण से लगी है फिलहाल इसका पता नहीं चला है। थाना प्रभारी ने बताया कि श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। हादसे के समय ज्यादातर कर्मचारी लंच करने निकले थे जिस कारण से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। आग को फैलने से रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## फर्जी मार्कशीट पर नौकरी




### जिला आयुर्वेद अधिकारी ने किया बर्खास्त

**बिलासपुर ,22 नवम्बर 2022(ए)।** फर्जी मार्कशीट के आधार पर नौकरी पाने वाले स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। बिलासपुर जिला आयुर्वेद अधिकारी ने औषधालय सेवक को बर्खास्त करने का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य कर्मचारी की 8वीं की डिग्री फर्जी निकली थी। जिस स्कूल का मार्कशीट बताया गया था, उसमें दर्ज रोल नंबर ही सही नहीं है।दरअसल बिलासपुर में जिला आयुर्वेद कार्यालय में औषधालय सेवक की भर्ती हुई थी। इस परीक्षा में न्यूनतम योग्यता आठवीं उत्तीर्ण थी। इस पद के लिए प्रदीप कुमार माथुर का चयन हुआ था। नियुक्ति के बाद जब सर्टिफिकेट वैरिकेशन किया गया तो मार्कशीट फर्जी साबित हुई। जिसके बाद जांच प्रतिवेदन में आरोप सिद्ध होने पर आरोपी कर्मचारी को बर्खास्त करने का आदेश दिया गया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)